राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 254, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 28 मार्च 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ विधायकों ने की जमकर नारेबाजी, टीशर्ट पहनकर पहुंचे .... पेज 03

मऊ में दो अंतरराज्यीय चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, सीओ बोले- दोनों जीजा और साले .... पेज 05

भारत-पाकिस्तान खेलने के इच्छुक हो तो ऑस्ट्रेलिया मेजबानी को तैयार है .... पेज 07

**विरोध प्रदर्शन**



दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आप विधायकों के साथ नई दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

# केजरीवाल को नहीं मिली राहत...

## दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी से 2 अप्रैल तक जवाब मांगा; आज सीएम पद से हटाने की अर्जी पर सुनवाई

एजेंसी

नई दिल्ली। शराब नीति केस में बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी और रिमांड से दिल्ली हाईकोर्ट ने राहत नहीं दी। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर 2 अप्रैल तक जवाब मांगा है। इस मामले में अब 3 अप्रैल को सुनवाई होगी।

उधर, 28 मार्च को केजरीवाल की रिमांड अवधि खत्म हो रही है। इस मामले में गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई होगी।

इसके अलावा केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर भी गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट के एसीजे मनमोहन की डिवीजन बेंच सुनवाई करेगी। केजरीवाल ने 23 मार्च को अपनी गिरफ्तारी और राउज एवेन्यू कोर्ट के रिमांड के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए फौरन सुनवाई की मांग की थी। बुधवार को जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की कोर्ट में केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी और श्वष्ठ की ओर से एएसजी एसवी राजू ने करीब डेढ़ घंटे अपनी दलीले रखीं।

एएसजी राजू ने कहा कि हम डिटेल में जवाब फाइल करना चाहते हैं। मुख्य केस में हमें 3 हफ्ते दिए गए थे। इस मामले में भी हमें अपना जवाब दाखिल करने के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए।

केजरीवाल के वकील सिंघवी ने कहा कि यह देर करने के हथकंडे हैं। हम हाईकोर्ट से अपील करते हैं कि इस पर अभी फैसला किया जाए। आप इसे स्वीकार करें या फिर मना कर दें।



### केजरीवाल के सरकारी आदेश देने के मामले की जांच कर रही ईडी

कस्टडी से केजरीवाल सरकारी आदेश कैसे दे रहे हैं, इसे लेकर ईडी जांच कर रही है। ईडी सूत्रों का कहना है कि उनके पास न ही कोई पेपर मिला और न ही कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जैसे कंप्यूटर या फोन, तो फिर उन्होंने कैसे कोई ऑर्डर पास कर दिया ? ये जांच का विषय है। ईडी के सीनियर अफसरों की टीम जल्द ही रिपोर्ट तैयार करेगी।

### केजरीवाल के वकील की 4 दलीलें...

→ केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत में दलील दी- एक प्रजाति है, जिसे इकबालिया साक्षी कहते हैं। हमारे इतिहास में इन जयचंदों और दगाबाजों को बहुत बुरी नजर से देखा जाता है। ये दगा देते हैं। एक इकबालिया साक्षी ऐसा दोस्त होता है, जिस पर कभी भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। केजरीवाल की गिरफ्तारी एक ऐसे आदमी के बयान के आधार पर हुई, जो पहले इस केस में गिरफ्तार किया गया और बाद में जब वो गवाह बन गया तो उसे जमानत मिल गई।

→ मेरे खिलाफ बयान रिकॉर्ड किए गए। इसमें मेरे खिलाफ कुछ नहीं था। अगले स्टेप में उस आदमी को गिरफ्तार किया गया, वो जेल में परेशान हुआ। इसके बाद उसे जमानत के लिए अपील करने को कहा गया, तब श्वष्ठ ने अदालत में कहा कि उसे जमानत से कोई परेशानी नहीं है। जमानत का जो कारण बताया गया, वो था पीठ दर्द। वो बाहर आया और मेरे खिलाफ उसने बयान दिया। इसके बाद वोगवाह बन गया। शराब घोटाले के हर केस में यही हुआ है।

→ सिंघवी ने कहा कि राघव मुंगटा के पिता और शरथ चंद्र रेड्डी के बयान दर्ज किए गए। राघव मुंगटा ने पिता ने कहा था कि उसे टॉर्चर किया गया और बेटे को जमानत दे दी गई। ऐसे बयानों का क्या मतलब है ?

→ शरथ चंद्र रेड्डी ने दो बयान दिए। इनमें केजरीवाल के खिलाफ कुछ नहीं था। अब गिरफ्तारी के बाद के बयान आते हैं। 9 बयानों में उसने केजरीवाल के खिलाफ कुछ भी नहीं कहा। इन 9 बयानों में से 6 बाहर नहीं आए, इन्हें दबा लिया गया। ये लोग प्रक्रिया का मजाक बना रहे हैं। 18 महीने के बाद फिर वो बोलने लगा। केजरीवाल के खिलाफ बयान देने के 9 दिन बाद उसे मेडिकल आधार पर जमानत दे दी गई और 20 दिन बाद उसे माफ कर दिया गया।

## केजरीवाल जेल से सरकार चला रहे, दो आदेश जारी कर चुके

**जल मंत्री आतिशी को निर्देश, दिल्ली में जहां पानी की कमी है, वहां टैंकरों का इंतजाम करें**

केजरीवाल गिरफ्तार होने वाले पहले सिटिंग सीएम हैं।

इससे पहले झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

सोरेन ने ईडी की हिरासत में राजभवन जाकर इस्तीफा दे दिया था। गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल जेल से ही सरकार चला रहे हैं। वे जेल से दो आदेश जारी कर चुके हैं। केजरीवाल ने 24 मार्च को जल मंत्रालय के नाम पहला सरकारी आदेश जारी किया था।

उन्होंने जल मंत्री आतिशी को निर्देश दिया था कि दिल्ली में जहां पानी की कमी है, वहां टैंकरों का इंतजाम करें।

उन्होंने कोर्ट में पेशी के समय कहा था कि वे इस्तीफा नहीं देंगे, जरूरत पड़ी तो जेल से सरकार चलाएंगे। इसके बाद केजरीवाल ने 26 मार्च को दूसरा सरकारी आदेश जारी किया।

उन्होंने स्वास्थ्य मंत्रालय को निर्देश दिए कि मोहल्ला क्लिनिक में गरीबों के लिए दवाओं की कमी नहीं होनी चाहिए। लोगों को मुफ्त जांच और दवाई मुहैया कराई जाए।

# छत्तीसगढ़ में डिप्टी कमांडर समेत 6 माओवादी ढेर

## बीजापुर के बासागुड़ा इलाके में मुठभेड़; मरने वालों में 2 महिला नक्सली



बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में जवानों ने 6 माओवादियों को ढेर कर दिया है, इनमें नक्सलियों का डिप्टी कमांडर भी है। बताया जा रहा है इन पर लाखों रुपए का इनाम घोषित है। फिलहाल इलाके पर पुलिस फोर्स मौजूद है। मुठभेड़ बासागुड़ा थाना क्षेत्र के चिपुरभट्टी इलाके के तालपेरु नदी के पास ये मुठभेड़ नक्सलियों के प्लाटून नंबर 10 के साथ हुई है। ऑपरेशन में सुरक्षाबलों की टीम में कोबरा 210, 205 सीआरपीएफ 229 बटालियन और छ्रत्र्न के जवान शामिल रहे। इस मुठबेड़ में दो महिला और 4 पुरुष नक्सली मारे गए हैं, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं।

### मारे गए नक्सलियों की हुई पहचान

मारे गए नक्सलियों में प्लाटून नंबर 10 का डिप्टी कमांडर नागेश, उसकी पत्नी सोनी और गंगी की पहचान हो गई है। मुठभेड़ में कई नक्सलियों की घायल होने के भी संभावना है। सर्चिंग के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और रोजमर्रा की जरूरत का सामान बरामद किया है। जवान अब भी इलाके में सर्चिंग कर रहे हैं।

### दंतेवाड़ा-नारायणपुर मार्ग बंद किया

नक्सलियों ने दंतेवाड़ा-नारायणपुर मार्ग बंद कर दिया है। जगह-जगह पर पेड़ काटकर, पत्थर डालकर मार्ग बाधित किया है। मालेवाही से आगे कड़ियामेटा के लिए पुलिस जवानों को रवाना किया गया है। मामला मालेवाही थाना क्षेत्र का है।

### नक्सलियों के खिलाफ पुलिस की बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक

नक्सलियों के टीसीओसी अभियान के दौरान पुलिस की नक्सलियों के खिलाफ यह बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक थी। मार्च से माओवादियों का टीसीओसी (टैक्टिकल काउंटर ऑफेंसिव कैंपेन) शुरू हो जाता है, जो जून के पहले हफ्ते तक चलता है। इस दौरान नक्सली बड़ी घटनाओं को अंजाम देते हैं। हालांकि इस साल टीसीओसी के दौरान पुलिस फोर्स आक्रमक है।

### होली के दिन 3 लोगों की हत्या

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में होली के दिन 3 लोगों की हत्या कर दी गई। तीनों पर कुल्हाड़ी से वार किया गया है। इनमें से 2 लोगों की मौके पर मौत हो गई, वहीं एक की अस्पताल में मौत हुई। यह नक्सल वारदात है या कोई रंजिश, यह साफ नहीं हो पाया है। जिले के बासागुड़ा में नदी पार की एक बस्ती में यह वारदात हुई है।

# ममता, रणौत पर अभद्र टिप्पणियों के लिये दिलीप घोष, श्रीनेत को आयोग का नोटिस

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष एवं सांसद और कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को क्रमश: मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिनेत्री तथा मंडी निर्वाचन क्षेत्र (हिमाचल प्रदेश) से भाजपा की प्रत्याशी कंगना रणौत के विरुद्ध उनकी विवादास्पद टिप्पणियों के लिये कारण बताओ नोटिस भेजे हैं।

इन दोनों नेताओं की हाल की टिप्पणियों के खिलाफ आयोग को शिकायतें मिली हैं और उन पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप है।

आयोग ने घोष और सुश्री श्रीनेत को 29 मार्च शाम पांच बजे तक नोटिस का जवाब देने का समय दिया है।




सुश्री बनर्जी के खिलाफ भाजपा नेता घोष द्वारा की कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने 26 मार्च को आयोग में शिकायत दर्ज करायी।

शिकायत में घोष की उस टिप्पणी का उल्लेख किया गया है, जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा था, जब दीदी गोवा जाती है तो वह गोवा की बेटी बन जाती है, त्रिपुरा में वह कहती है कि मैं त्रिपुरा की बेटी हूं, तय करें कि आपका पिता कौन है, यह सही नहीं है।

कांग्रेस की नेता श्रीनेत ने भाजपा उम्मीदवार रणौत के संबंध में एक सोशल मीडिया पर रणौत की फोटो के साथ पोस्ट की गयी एक अभद्र पोस्ट के संबंध में नोटिस दिया है। यह नोटिस भाजपा की शिकायत पर दी गयी है। आयोग ने इसे प्रथम दृष्टया चुनावों के संबंध में आदर्श संहिता और आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को टिप्पणियों में शालीनता बरतने के संबंध में पहली मार्च को जारी अपने परामर्श के विरुद्ध देखा है। श्रीनेत कांग्रेस की सोशल मीडिया समिति की प्रमुख हैं।

# अमेरिकी विदेश विभाग के बयान पर भारत ने जतायी कड़ी नाराज़गी

नयी दिल्ली। भारत ने दिल्ली में आबकारी घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका के विदेश विभाग के बयान पर आज कड़ी आपत्ति व्यक्ति की और कहा कि स्वतंत्र न्याय प्रक्रियाओं वाले मित्र लोकतांत्रिक देशों के आंतरिक मामलों में दखलंदाज़ी अनुचित एवं हानिकारक है।

विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के कार्यवाहक मिशन उपप्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को तलब करके औपचारिक रूप से आपत्ति दर्ज करायी।

बाद में विदेश मंत्रालय ने एक बयान में जारी करके कहा, हम भारत में कुछ कानूनी कार्यवाहियों के बारे में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हैं। कूटनीति में, देशों से दूसरों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है। मित्र लोकतंत्रों के मामले में यह जिम्मेदारी और भी अधिक है। अन्यथा यह 'अस्वास्थ्यकर' मिसाल कायम कर सकता है।

### लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज जारी होगी

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना कल यानी गुरूवार को जारी की जायेगी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी इसी चरण में मतदान होगा। दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम , बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 सीटों के लिए चुनाव कराया जायेगा।

# छत्तीसगढ़ में कृषि-मंत्री के घर भोजन कर 200 लोग बीमार

## बलरामपुर में नेताम ने रखा था होली मिलन कार्यकम; अस्पताल फुल

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में कृषि मंत्री रामविचार नेताम के घर भोजन करने के बाद करीब 200 लोग बीमार हो गए। यह सभी लोग होली मिलन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। भोजन के बाद सभी को उल्टी-दस्त होने लगा। इन सभी लोगों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सनावल, वाड्रफनगर, रामानुजगंज, डिंडो, बगरा, रामचंद्रपुर सहित कई गांवों के लोग बुधवार को अस्पताल पहुंचने लगे। अचानक मरीजों की संख्या बढ़ने पर सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह ने स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट किया।



### मरीजों में ज्यादा भांग पीने वाले

मंत्री रामविचार नेताम के घर सनावल गांव में 24 मार्च को होली मिलन कार्यक्रम था। इसमें आसपास के कई गांवों के लोग भी शामिल हुए थे। बताया जा रहा है कि जिन लोगों ने कार्यक्रम में भांग पी, बीमार होने वालों में उनकी संख्या ज्यादा है। अस्पतालों में बेड कम पड़ने से मरीजों को जमीन पर लिटाकर उपचार किया जा रहा है। कुछ लोगों को वाड्रफनगर, अंबिकापुर और यूपी के अस्पतालों में भी भेजा गया है।

### 125 से ज्यादा अस्पताल पहुंचे

सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह ने बताया कि क्षेत्र के 78 गांव में सर्वे कराया जा रहा है। अभी तक करीब 15 गांवों में पीड़ित मिले हैं। अस्पतालों में कल और आज मिलाकर 125 से ज्यादा प्रभावित पहुंचे हैं। बाकी का इलाज किया जा रहा है। दो पीड़ितों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर है।

**मनी लॉन्ड्रिंग** — **वीणा विजयन की आईटी कंपनी को खनिज कंपनी ने 1.72 करोड़ रुपए दिए थे**

# केरल सीएम की बेटी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस

कोच्ची। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी वीणा विजयन के खिलाफ ईडी ने 27 मार्च बुधवार को मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया। एजेंसी का कहना है कि वीणा की आईटी कंपनी एक्सालॉजिक सॉल्यूशन को प्राइवेट खनिज कंपनी कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड ने 1.72 करोड़ का अवैध तरीके से भुगतान किया है।

ईडी ने वीणा के अलावा उनकी कंपनी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। एजेंसी मामले में शामिल लोगों को समन भी जारी करेगी। ईडी ने यह केस सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस की शिकायत के बाद दर्ज किया है। SFIO केंद्रीय कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की जांच शाखा है।



### वीणा और उनकी कंपनी पर बिना सर्विस दिए पैसे लेने का आरोप

यह मामला इनकम टैक्स की जांच में भी है। इसमें आरोप है कि प्राइवेट कंपनी कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड ने साल 2018 से 2019 के दौरान वीना विजयन की आईटी कंपनी एक्सालॉजिक सॉल्यूशन को 1.72 करोड़ रुपए का अवैध भुगतान किया। जबकि वीणा की कंपनी ने मिनरल कंपनी को किसी तरह की सर्विस नहीं दी थी। कर्नाटक हाईकोर्ट ने फरवरी 2024 में SFIO की जांच के खिलाफ एक्सलॉजिक सॉल्यूशंस की दायर याचिका खारिज की थी। केंद्र सरकार के वकील ने कहा था कि मामले में गंभीर अपराध और सार्वजनिक हित शामिल हैं, जिसके लिए SFIO जैसी एजेंसी से जांच की आवश्यकता है। सरकारी वकील ने दावा किया था कि इनकम टैक्स की जांच में CMRL के पॉलिटिकल फंक्शनरीज के साथ लेनदेन का खुलासा हुआ। इसमें 1.72 करोड़ रुपए वीणा की कंपनी को दिए गए थे। गवर्नमेंट यूनिट केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम की भी CMRL में 13.4 प्रतिशत हिस्सेदारी है। मिनरल कंपनी के कई लेनदेन संदिग्ध हैं।

### 1.72 करोड़ रुपए के पेमेंट पर यह है कंपनियों का कहना

जांच में सामने आया कि साल 2016-17 के दौरान 10 से अधिक कंपनियों ने वीणा की कंपनी के साथ वित्तीय लेनदेन किया था। एक्सालॉजिक और CMRL ने दावा किया कि CMRL के मैनेजिंग डायरेक्टर एस.एन. ससिधरन कारथा के अकाउंट के जरिए एक्सालॉजिक को आईटी संबंधित सेवाओं के लिए शुल्क दिया गया था।

# बेरोजगारी-बेबसी का नाम है भाजपा : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी पर ताजा आंकड़े को लेकर मोदी सरकार को घेरते हुए आज कहा कि बेरोजगारी और बेबसी इस सरकार की मजबूरी है और इन समस्याओं को लेकर उसके पास कोई समाधान नहीं है।

गांधी ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कहा कि मोदी सरकार के पास बेरोजगारी की समस्या के समाधान को लेकर उसकी ना कोई नीति है और ना कोई योजना है। उनका कहना था मोदी सरकार ने उनके एक सवाल के जवाब में कहा है कि समस्या के समाधान को लेकर उसकी कोई योजना नहीं है।

गांधी ने कहा कल ही मैंने पूछा था कि 'क्या नरेंद्र मोदी के पास रोज़गार के लिए कोई योजना थी भी। आज ही सरकार का जवाब आया - नहीं।



इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024 न सिर्फ रोज़गार पर मोदी सरकार की भीषण नाकामी का दस्तावेज है बल्कि कांग्रेस की रोज़गार नीति पर मुहर भी है।

उन्होंने कहा रिपोर्ट के मुताबिक भारत के कुल बेरोज़गारों में 83 प्रतिशत युवा हैं या तो उनके पास नौकरी है ही नहीं या वह बहुत ही कम मेहनताने पर बुरी दशा में काम करने को मजबूर हैं। रिपोर्ट कहती है 65 प्रतिशत पढ़े लिखे युवा बेरोज़गार हैं - हमारी गारंटी है हम 30 लाख सरकारी पदों को भरेंगे। रिपोर्ट कहती है स्किल गैप है - हम 'पहली नौकरी पक्की' से फ्रेशर्स को स्किल्ड वर्क फोर्स बनाएंगे।

गांधी ने कहा रिपोर्ट कहती है नए रोज़गारों का सृजन करना होगा - हमारी युवा रोशनी की गारंटी स्टार्ट-अप्स के लिए 5000 करोड़ रुपये की मदद लेकर आ रही है। रिपोर्ट कहती है श्रमिकों के पास सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षित रोज़गार नहीं है - हम श्रमिक न्याय के तहत उनका जीवन बदलने जा रहे हैं।

कांग्रेस की नीतियां ही 'रोज़गार की गारंटी' हैं यह सरकार की रिपोर्ट से भी साबित हो गया है। भाजपा का मतलब - बेरोज़गारी और बेबसी, कांग्रेस का मतलब - रोज़गार क्रांति। फर्क साफ है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
गुरुवार 28 मार्च 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### चुनाव आयोग के निर्देशों पर कार्रवाई करने में पुलिस ने निभाई अग्रणी भूमिका

देहरादून। उत्तराखंड में आसन्न लोकसभा चुनावों के मद्देनजर, इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) के अंतर्गत, की गई कार्रवाई में पुलिस विभाग ने अग्रणी भूमिका निभाई है। पुलिस की सक्रियता से राज्य में अभी तक तीन करोड़ 60 लाख रुपए मूल्य की अवैधानिक वस्तुएं जब्त की गई हैं। यह जानकारी बुधवार शाम अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा विजय कुमार जोगदंडे ने संवाददाताओं को दी। उन्होंने बताया कि ईएसएमएसके अंतर्गत, सबसे अधिक 81 लाख रुपए मूल्य की हरिद्वार में, 71 लाख मूल्य की उधमसिंह नगर में और 67 लाख रुपए मूल्य की देहरादून में जब्ती हुई है। एनडीपीए एक्ट के मामलों में एक करोड़ एक लाख मूल्य की, आबकारी की एक करोड़ तीन लाख मूल्य की और 48 लाख रुपये नकद राशि की जब्ती हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने 3.25 करोड़ मूल्य की, आबकारी विभाग ने 27 लाख की जब्ती आचार संहिता लगने के बाद की है। जोगदंडे ने बताया कि निर्वाचन टीमों को पोलिंग बूथ तक लेने के लिए जिन वाहनों का इस्तेमाल किया जायेगा, इस बार उनका किराया बढ़ाया गया है। पहले छोटे वाहनों के लिए 750 रुपये, बड़े वाहनों के लिए 1800 रुपये उनके किराये का शुल्क तय किया गया था।

### 7000 फीट पर होगा सबसे ऊंचा पोलिंग बूथ

पिथौरागढ़/नैनीताल। उत्तराखंड की चीन सीमा से सटी पिथौरागढ़ जिले की धारचूला विधानसभा मतदान के लिहाज से सबसे चुनौतीपूर्ण है। यहां एक पोलिंग बूथ ऐसा भी है जहां मतदान कर्मी तीन दिन पहले रवाना होंगे जबकि ऐसे ही 63 बूथों पर दो दिन पहले रवाना होंगे। पिथौरागढ़ जिले में धारचूला, डीडीहाट, पिथौरागढ़ एवं गंगोलीहाट समेत कुल चार विधानसभाओं में कुल 611 पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। धारचूला में कुल 160, डीडीहाट में 144, पिथौरागढ़ में 151 जबकि गंगोलीहाट में 156 पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। इनमें धारचूला का कनार (नामिक) पोलिंग बूथ 7000 फीट की ऊंचाई पर है। यहां मतदान कर्मियों को 14 किमी का बेहद दुरूह रास्ता पार करना होगा। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मतदान कर्मी यहां पहुंचने के लिये तीन दिन पहले रवाना होंगे। इनके अलावा 63 पोलिंग बूथ ऐसे हैं जहां मतदान कर्मी दो दिन पहले रवाना होंगे। इनमें धारचूला के सबसे अधिक 48, पिथौरागढ़ के 11, डीडीहाट के 04 पोलिंग बूथ शामिल हैं। बाकी पोलिंग बूथों पर मतदान कर्मी एक दिन पहले रवाना होंगे। इसी प्रकार नैनीतात जिले में भीमताल विधानसभा क्षेत्र चुनाव के लिहाज से सबसे अहम है। नैनीताल जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1010 मतदान स्थल बनाये गये हैं।

### हम पंजाब की शान, सम्मान की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध

चंडीगढ़। पंजाब आम आदमी पार्टी (आप) ने सुशील कुमार रिंकू और शीतल अंगुराल के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने पर उन्हें गद्दार करार दिया और कहा कि दोनों नेताओं को लोगों ने इसलिये चुना था क्योंकि वे आप के टिकट पर मैदान में थे लेकिन उन्होंने जालंधर की जनता और उनके भरोसे को धोखा दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, अपने वह्लों तां डरेया वड्डे घर जांदा है, पर विच समुंदर जाके मरर जांदा है, अस्सी गरदन सीधी रखन दा मुल उतार रहें हन, बेशर्मां दा तां निवीं पा के वी सर जांदा है। ( अपनी तरफ से तो दरिया बड़े घर जाता है, लेकिन समंदर में जाकर मर जाता है, हम गर्दन सीधी रखने का मोल चुका रहे हैं, बेशर्मों का तो सिर झुका कर भी गुजारा हो जाता है ) उन्होंने कहा कि वह पंजाब के गौरव और सम्मान की रक्षा के लिये हमेशा प्रतिबद्ध हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुये आप पंजाब ने एक बयान जारी कर कहा कि श्री रिंकू को पंजाब विधानसभा चुनाव में लोगों ने हरा दिया था, लेकिन आम आदमी पार्टी ने उन्हें उठा लिया और जालंधर से सांसद बना दिया। अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान दोनों ने उनके लिये प्रचार किया और उन्हें भारी जीत दिलाने में मदद की। पर वह गद्दार निकले।

### भाजपा सांसद कपूर ने दिखाए बागी तेवर

शिमला। भारतीय जनता पार्टी के सांसद किशन कपूर टिकट को लेकर हाईकमान के फैसले से नाराज ही नहीं, गुस्सा भी हैं। लंबी चुप्पी के बाद उनके बागी तेवर झलकने लगे हैं। कपूर ने बुधवार को अपने आवास पर जुटे समर्थकों के बीच बैठकर उन्होंने भावी रणनीति पर मंथन किया। सुधीर शर्मा को पार्टी में एंट्री और टिकट देने पर उन्होंने जमकर भड़ास निकाली। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को भी आड़े हाथों लिया। पांच बार विधायक और दो बार मंत्री रहे सांसद किशन कपूर के तल्ख तेवर आने वाले समय में भाजपा का तनाव बढ़ा सकते हैं। टिकट कटने और बागी सुधीर की एंट्री कराकर प्रत्याशी बनाने पर उन्होंने कहा कि टिकट काटा कोई बात नहीं। लेकिन, उनसे बात तो की जाती। प्रदेश से पैनल में सिटिंग सांसद का नाम क्यों नहीं भेजा गया, इसका जवाब भी मांगा जाएगा। सुधीर को लेकर हाईकमान के फैसले पर कड़ा विरोध जताते हुए उन्होंने कहा कि यह स्वीकार्य नहीं हो सकता। वर्ष 2019 के चुनाव में पवन काजल को रिकॉर्ड मतों से हराया। कपूर ने कहा कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण चुनाव में मेरा प्रमुख मुद्दा रहा और काजल इसका डटकर विरोध करते रहे। मेरे से राय लिए बिना पार्टी ने उन्हें गले लगा लिया। वर्ष 2022 के चुनाव में भी पार्टी ने बिना राय-मशविरा किए धर्मशाला हलके से ऐसे व्यक्ति को टिकट थमा दिया, जिसने पार्टी की सदस्यता भी नहीं ली थी।

### चारा घोटाला मामले में 89वें गवाह का बयान कलमबंद

पटना। बिहार के बहुचर्चित करोड़ो रुपये के चारा घोटाला से जुड़े एक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आज विशेष अदालत में अपने 89वें गवाह का बयान कलमबंद करवाया। चारा घोटाला मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के न्यायाधीश महेश कुमार की अदालत में सीबीआई ने 89वें गवाह के रूप में बिहार विधानसभा के एक पूर्व अधिकारी फूल झा को पेश किया था। गवाह का मुख्य परीक्षण पूरा हुआ और बचाव पक्ष के द्वारा प्रति परीक्षण किया गया। अदालत ने मामले में 03 अप्रैल 2024 की अगली तिथि निश्चित की है। मामला भागलपुर के बांका उप जिला कोषागार से पशुपालन विभाग में जाली विपत्रों के आधार पर लगभग 45 लाख रुपये की अवैध निकासी का है। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव समेत कई तत्कालीन मंत्री, विधायक और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी इस मामले में आरोपित हैं। सीबीआई ने मामले की प्राथमिकी आर सी 63ए/96 के रूप में दर्ज करने के बाद 44 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। इनमें से कई आरोपितों की मृत्यु हो चुकी है। वर्तमान में लालू प्रसाद यादव समेत 18 आरोपितों के खिलाफ सुनवाई जारी है।

### न्यायमूर्ति रितु राज ने लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में शपथ ली

नयी दिल्ली। न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने बुधवार को यहां लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में शपथ ली। लोकपाल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर ने उन्हें शपथ दिलाई। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यहां भारतीय लोकपाल कार्यालय में आयोजित समारोह में पंकज कुमार और अजय तिर्की ने लोकपाल सदस्य के रूप में शपथ ली। नई नियुक्तियाँ दो मौजूदा न्यायिक सदस्यों न्यायमूर्ति पी.के. मोहंती तथा न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी और तीन सदस्यों डी.के. जैन, अर्चना रामसुंदरम और महेंद्र सिंह का 26 मार्च को लोकपाल में कार्यकाल पूरा होने के बाद की गयी हैं। न्यायमूर्ति अवस्थी लोकपाल के न्यायिक सदस्य नियुक्त होने से पहले 22वें विधि आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। इससे पहले वह कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। कुमार गुजरात कैडर के 1986 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। लोकपाल के सदस्य से पहले वह गुजरात के मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत थे। तिर्की मध्य प्रदेश कैडर के 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। लोकपाल के सदस्य से पहले वह केन्द्र सरकार के भूमि संसाधन विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत थे। केंद्रीय सतर्कता आयुक्त प्रवीण कुमार श्रीवास्तव और केन्द्रीय जांच ब्यूरो तथा प्रवर्तन निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह में शामिल हुए।

# बिजली की समस्याओं को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

## नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड के दफ्तर पर किया हंगामा, विभाग के अधिकारियों ने समस्याओं को समाधान करने का दिया भरोसा



जेवर। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड के दफ्तर पर बुधवार को अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में सैकडों किसानों ने प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है की समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी कोई नहीं देते हैं। जिसके चलते ही किसानों ने यह प्रदर्शन किया है। बाद में प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई वार्ता में विभाग के अधिकारियों ने समस्याओं का जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ही किसान वहां से हट सके। बुधवार को सैकडों की संख्या में किसानों ने बिजली विभाग के दफ्तर के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन किया। कई घंटे तक विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। किसानों का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने ट्यूबवेलों के बिजली माफ कर दिए हैं। उसके बावजूद भी एनपीसीएल की तरफ से किसानों से बिल वसूला जा रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की काफी कटौती की जाती है। जबकि बिल शहरी तर्ज पर वसूला जा रहा है। दफ्तर के सामने हंगामा की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारी सारनाथ गांगुली ने पुलिस विभाग के एसीपी सुशील कुमार के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल के 25 किसानों को ऑफिस के अंदर बुलाया। जहां उनसे मीटिंग की गई।

### अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन भी बिजली विभाग के खिलाफ किया जाएगा

इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान किसानों ने अपनी कई सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन भी उनको सौंपा। जिसके बाद ही किसानों का धरना समाप्त हो सका। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो दोबारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन भी बिजली विभाग के खिलाफ किया जाएगा।

### इस मौके पर सैकडों किसान मौजूद रहे

इस मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा, जगदीश नम्बरदार, संतराम, गबरी मुखिया, सुरेंद्र यादव, सतीश, सतबीर, सुरेश, बुधपाल, विजय, मोनू मुखिया, नरेश नागर, अशोक भाटी, ओमपाल, मास्टर कूड़े सिंह, प्रवीण चौहान, बाबा करतार, रईसा, बेगम, श्याम सिंह प्रधान, प्रशांत भाटी, संदीप भाटी, और अजब सिंह भाटी समेत सैकडों किसान मौजूद रहे।

## सेक्टर- 10 की जमीन का मुआवजा वितरित करने के लिए 681 करोड़ जारी

ग्रेटर नोएडा। नोएडा हवाईअड्डे के पास विकसित हो रहे औद्योगिक सेक्टर-10 के लिए अधिगृहीत की जा रही जमीन के मुआवजे के लिए यमुना प्राधिकरण ने जिला प्रशासन को 681 करोड़ रुपये जारी किए हैं। यहां तीन गांवों की करीब 2000 किसानों से 243.96 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। इससे पहले 72 करोड़ की धनराशि जारी की गई थी। आचार संहिता के दौरान मुआवजा वितरण सहित अन्य प्रक्रिया पूरी कर लोकसभा चुनाव के बाद योजना लांच करने की तैयारी है। जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया आचार संहिता लागू होने से पहले शुरू हो गई थी।

## मंदिर के अंदर मुर्गा काटकर फेंका

नोएडा। नोएडा के बहलोलपुर गांव में असामाजिक लोगों ने पुराना चामुंडा मंदिर के अंदर मुर्गा काटकर फेंक दिया। इसकी जानकारी जैसे ही आसपास के लोगों को हुई मंदिर के बाहर भीड़ जमा होने लगी। लोगों ने जब हंगामा करना शुरू किया तो पुलिस को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मंदिर के पास जमा लोगों को किसी तरह समझा बुझाकर शांत कराया। एडिशनल डीसीपी और एसीपी समेत सेक्टर-63 थाने का पुलिस बल देर रात तक मंदिर परिसर में मौजूद रहे। पुलिस के मुताबिक मंदिर के पिछले हिस्से में मंगलवार शाम पांच बजे के करीब किसी ने मुर्गा काटा और इसे जगह-जगह फेंक दिया। पुलिस इस बात की जानकारी कर रही है कि माहौल खराब करने का प्रयास किसकी ओर से किया गया। लोगों से पूछताछ भी की जा रही है और आसपास के सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है। घटना का कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है,जिसमें मंदिर में मांस के टुकड़े दिख रहे हैं। आसपास लोग जमा हैं और आक्रोशित हैं। ग़नीमत रही कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए माहौल को खराब होने से बचा लिया। अभी तक इस मामले में पुलिस से शिकायत नहीं की गई है। शाम पांच बजे के करीब जब मंदिर के पुजारी पहुंचे तो उन्होंने अंदर कटे हुए मुर्गे के टुकड़े देखें। इससे पहले भी गांव में कई बार असामाजिक तत्व द्वारा मंदिर के अंदर तोड़फोड़ की गई है। अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।

# गंदा पानी डालने पर 9 संस्थानों पर 27 लाख जुर्माना

## 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम, सील होगा; पहले जारी हो चुके हैं नोटिस




नोएडा। प्राधिकरण ने बिना शोधित पानी नाले में बहाने वाले 9 संस्थानों पर 27 लाख रुपए जुर्माना लगाया। प्राधिकरण की टीम ने इन संस्थानों का निरीक्षण भी किया। जिसमें 7 संस्थानों में ETP नहीं लगा मिला। जबकि 2 संस्थान बंद मिले। इन सभी संस्थानों को महज 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है। कल इन सभी संस्थानों को सीज कर दिया जाएगा।

प्राधिकरण ने शिकायत के आधार पर सेक्टर-18 और 53 में नौ होटल, रेसतारां और वाणिज्यिक संस्थानों पर छापेमारी की थी। इन संस्थानों का पुन: निरीक्षण किया गया। सात संस्थानों में शोधित जल को लेकर व्यवस्था नहीं मिली, जबकि दो संस्थान टीम को बंद मिले।

टीम ने सात संस्थानों को 24 घंटे में जुर्माना जमा करने के लिए कहा है। यदि संस्थान बुधवार तक जुर्माना जमा नहीं करते हैं तो उन्हें सील कर दिया जाएगा। वहीं, बंद मिले संस्थानों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

### इन संस्थानों पर लगाया गया जुर्माना

सागर रत्ना सेक्टर-18 पर 5 लाख का जुर्माना
सेक्टर-18 में द पटियाला किचन पर दो लाख
सेक्टर-18 में चाऊमेन पर दो लाख
सेक्टर-53 मिठास स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट पर दो लाख
देसी वाइबस सेक्टर-18 पर 2 लाख
ढाबा ऐट अट्टा पर दो लाख
सेक्टर-18 नजीर फूड पर दो लाख
द तंदूरी विलेज पर 5 लाख
सेक्टर-18 राधे श्याम पर 5 लाख का जुर्माना

# प्लास्टिक फैक्ट्री के पास लगी भीषण आग

## 5 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत से पाया काबू, बाहर पड़े कंपनी के वेस्टेज में लगी थी आग



गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में आग का तांडव देखने को मिला, जहां एक प्लास्टिक कम्पनी के बाहर पड़े हुए वेस्टेज में आग लग गई। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद दमकल की 5 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

बुधवार सुबह बादलपुर थाना क्षेत्र में क्रिएटिव इंड्रस्टीज के पीछे आग लग गई। दरअसल कम्पनी का कूड़ा, प्लास्टिक के दाने व अन्य वेस्टेज कम्पनी के पीछे पड़े हुए थे उसी में किसी वजह से आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और धू-धूकर आग जलने लगी।

पुलिस और दमकल विभाग सूचना के बाद मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गई। आग लगातार बढ़ती देख 5 गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया और दो से ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं

जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सुबह करीब 8: 55 पर आग लगने की सूचना मिली थी। यह आग एक कम्पनी के पीछे पड़े हुए वेस्टेज में लगी थी। प्लास्टिक के दानों में आग होने की वजह से आग बुझाने में काफी दिक्कत हुई और इसके लिए 4 दमकल की गाड़ियां हमारे जिले से व एक दमकल की गाड़ी गाजियाबाद से बुलाई गई और आग पर काबू पाया गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है।

## ग्रेटर नोएडा में मंदिर के अंदर चोरी

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा में मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है। जहां एक नकाबपोश चोर ने मंदिर में रखे हुए दानपात्र को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दानपात्र में रखी हुई नगदी चोरी करके फरार हो गया। चोरी की यह पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूरजपुर थाना क्षेत्र के तिलपता गांव में मंगलवार रात में एक अज्ञात चोर के द्वारा शिव मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। इस दौरान चोर मंदिर के अंदर रखे हुए दानपात्र का ताला तोड़कर नगदी को चोरी करके फरार हो गया। गांव वालों ने जब बुधवार सुबह मंदिर का दानपात्र का ताला टूटा हुआ देखा तो चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मंदिर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया।

# एलिवेटेड रोड पर स्टंट कर रहे युवक, 31 हजार का चालान कटा

नोएडा। नोएडा में वाहनों से स्टंट बाजी कम नहीं हो रही है। होली के दिन सोशल मीडिया पर दो युवतियों का वीडियो वायरल हुआ था जिनका चालान काटा गया। उसके बाद एक बाइक पर चार लोग सवार होकर स्टंटबाजी करते दिखे पुलिस ने जिनका 24,000 का चालान भी काटा है।

अब नया वीडियो नोएडा एलिवेटेड रोड का बताया जा रहा है, जिसमें ऑडी कार में युवक स्टंटबाजी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने 31,000 का चालान भी काट दिया है।

बुधवार को सोशल मीडिया पर एक 18 सेकेंड का वीडियो वायरल हो गया। वायरल वीडियो में दो ऑडी गाड़ियों में बेखौफ युवक स्टंटबाजी करते हुए दिखाई दिए हैं।यह वीडियो नोएडा एलिवेटेड रोड का बताया जा रहा है। युवक सनरूफ से बाहर निकालकर डांस करते हाथ लहराते हुए दिखाई दे रहे हैं।

अपने साथ-साथ बाकी लोगों की जान को जोखिम में डालते दिखाई दिए हैं। वीडियो में दो ऑडी कार है। इसमें एक का नंबर तक नहीं आया। दूसरी का नंबर है। जिस गाड़ी पर नंबर प्लेट है उसके सनरूफ से दो युवक बाहर निकले है।

लोगों ने पुलिस को टैग कर कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लिया और 31 हजार का चालान किया। जिस कार का चालान किया गया उसका नंबर दिल्ली का है। बता दे बीते दो से तीन दिनों में नोएडा की सड़कों पर स्टंट करने और अश्लीलता फैलाने वाले वीडियो लगातार सामने आ रहे है।

# कश्मीर में मादक पदार्थ के तीन तस्कर गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के एक निवासी सहित तीन मादक पदार्थ (ड्रग्स) तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए।

पुलिस ने बताया कि कनीसपोरा चौक बारामूला स्थित जांच चौकी पर उन्होंने एक व्यक्ति को रोका। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 20 ग्राम प्रतिबंधित ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ बरामद हुआ। गिरफ्तार किये गये आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी शेख हशमत के रूप में हुई है, जो वर्तमान में कनीसपोरा में रहता है। इसी तरह, हरदु शूरा कुंजर स्थित चौकी पर पुलिस टीम ने दो व्यक्तियों को रोका, जिनकी पहचान चुकार पट्टन के नजीर अहमद मीर और रत्नीपोरा तंगमर्ग के रियाज अहमद मीर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 105 ग्राम चरस जैसा पदार्थ बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया ,जहां दोनों हिरासत में हैं।

गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ बारामूला और कुन्ज़र थानों में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं और जांच शुरू कर दी गई है।

# उम्मीद है कि अफस्पा हटाने की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करेगी भाजपा



श्रीनगर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को उम्मीद जताई कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार जम्मू-कश्मीर में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (अफस्पा) हटाने की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करेगी।

मुफ्ती केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान का जवाब दे रही थीं, जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में अफस्पा हटाने पर विचार करेगी।

जम्मू-कश्मीर स्थित गुलिस्तान न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में, गृहमंत्री ने यह भी कहा था कि सरकार की योजना केंद्र शासित प्रदेश से सैनिकों को वापस बुलाने और कानून-व्यवस्था को अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की है।

मुफ्ती ने उम्मीद जताई कि उनकी यह बात देश में हर साल दो करोड़ नौकरियां देने के भाजपा के वादे की तरह जुमलेबाजी नहीं होगी।

मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा पीडीपी ने सैनिकों को क्रमिक रूप से हटाने के साथ-साथ कठोर अफस्पा को हटाने की लगातार मांग की है। इसने हमारे गठबंधन के एजेंडे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी तैयार किया है, जिस पर भाजपा ने पूरी तरह से सहमति व्यक्त की है।

देर आए दुरुस्त आए, लेकिन ऐसा तभी होगा,जब यह बात हर साल दो करोड़ नौकरियां पैदा करने या बैंक खातों में 15 लाख जमा करने जैसे खोखले वादे करने वाली जुमलेबाजी नहीं हो। कोई केवल उम्मीद कर सकता है कि वे कम से कम इस मामले में अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेंगे क्योंकि इससे जम्मू-कश्मीर के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को बात करनी चाहिए साथ ही कैदियों की रिहाई करनी चाहिए।

उन्होंने कहा, बात पर अमल करने के लिए गृह मंत्रालय पत्रकारों और वर्तमान में जेलों में बंद हजारों कश्मीरी युवाओं को बिना किसी आरोप या अभियोजन के रिहा करके शुरुआत कर सकता है।

# कांग्रेस विधायकों ने पेडन्ना की उम्मीदवारी का किया विरोध

बेंगलुरु। कर्नाटक के कोलार लोकसभा सीट से कर्नाटक के मंत्री के. एच. मुनियप्पा के दामाद केजी चिक्का पेडन्ना को चुनाव मैदान में उतारने की योजना के फैसले से मंत्री समेत कई कांग्रेस विधायकों में असंतोष फैल गया है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. एमसी सुधाकर समेत पांच कांग्रेस विधायकों और दो विधान परिषद सदस्यों (एमएलसी) ने इस फैसले के विरोध में अपने विधायी पदों और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा तक देने की धमकी दी है। उन्होंने टिकट वितरण के संबंध में उनकी प्रतिक्रिया और मांगों को पार्टी नेतृत्व द्वारा नजरअंदाज किये जाने पर असंतोष व्यक्त किया है।

असंतुष्ट विधायकों की ओर से बोलते हुए श्री सुधाकर ने इस बात पर जोर दिया कि वे मुनियप्पा के दामाद को कोलार क्षेत्र से मैदान में उतारने के फैसले को स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने पार्टी के भीतर अन्य सदस्यों को अवसर दिये जाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और मुनियप्पा परिवार के बाहर के उम्मीदवारों पर विचार करने की वकालत की है। उन्होंने परिवार के भीतर टिकट वितरण पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा, हम एक विशेष परिवार (मुनियप्पा) के गुलाम नहीं रह सकते। हम चाहते हैं कि पार्टी में अन्य लोगों को मौका मिले। हम आज बाद में मुख्यमंत्री से भी बात करेंगे। सुधाकर ने केएच मुनियप्पा के पिछले कार्यकाल के प्रभाव की ओर भी इशारा करते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली ने दूसरों के लिए मुश्किलें पैदा की थीं। उन्होंने कहा,जब वह (मुनियप्पा) यहां थे, तो हम उनकी कार्यशैली से प्रभावित हुए और कठिनाइयों का सामना किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने एससी समुदाय के कम प्रतिनिधित्व के संबंध में निर्वाचन क्षेत्र में प्रचलित भावना का उल्लेख किया और इस चिंता को दूर करने के लिए मुनियप्पा परिवार के बाहर से एक उम्मीदवार के टिकट आवंटन का आह्वान किया है। कुछ पार्टी सदस्यों की ओर से उन्हें इस्तीफा देने से रोकने के प्रयासों के बावजूद, असंतुष्ट विधायकों और एमएलसी ने अपने इस्तीफे सौंपने के लिए विधानसभा सचिव के कार्यालय और कर्नाटक विधान परिषद अध्यक्ष के कार्यालय का दौरा करके ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने आज दिन में मुख्यमंत्री के साथ इस मामले पर आगे चर्चा करने का इरादा भी जताया है।

# टमटा ने भरा पर्चा, कुल आठ प्रत्याशियों ने किया पर्चा दाखिल

अल्मोड़ा/नैनीताल। उत्तराखंड की अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोकसभा सीट के लिये नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन बुधवार को कांग्रेस के प्रदीप टमटा समेत पांच प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किये।

इस सीट पर कुल आठ प्रत्याशियों ने अभी तक नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। यहां भी समाजवादी पार्टी ने अपना उम्मीदवार खड़ा करने में विफल रही। जिन प्रत्याशियों ने आज अपना नामांकन पत्र भरा उनमें कांग्रेस के प्रदीप टमटा, बहुजन समाज पार्टी के नारायण राम, उत्तराखंड क्रांति दल के अर्जुन कुमार देव, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी की किरन आर्य, बहुजन मुक्ति पार्टी के ज्योति प्रकाश टमटा शामिल हैं।

इससे पहले 22 मार्च को भाजपा की ओर से पूर्व केन्द्रीय मंत्री अजय टमटा, उत्तराखंड पीपुल्स पार्टी डेमोक्रेटिव के प्रमोद कुमार एवं निर्दलीय अर्जुन प्रसाद नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं।

## शार्ट न्यूज

### कबूतरबाजी करने वाले 2 गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना कौशांबी में विदेश भेजने के नाम पर लोगों से पैसा ठगने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं पुलिस ने उनके कब्जे से पासपोर्ट, फर्जी वीजा और आधार कार्ड बरामद किए हैं। यह गैंग बिल्कुल प्रोफेशनल तरीके से काम करता था। कई टीम बनी हुई थी जिनके अलग-अलग काम होता था। पुलिस के मुताबिक इस गैंग में कुल पांच लोग थे जिनमें से दो की गिरफ्तारी हो गई है बाकियों की तलाश जारी है। गाजियाबाद में डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया की 21 मार्च को आकाश नाम के व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी की विदेश भेजने के नाम पर उस के साथ ठगी हुई है। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके साइबर टीम को इसके खुलासे के लिए लगाया गया। इसके बाद पुलिस ने मुकीम और मुफीद को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस को 13 पासपोर्ट, दो फर्जी वीजा, दो आधार कार्ड और अन्य फर्जी कागजात बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक इस गैंग के सदस्य फर्जी आधार कार्ड के आधार पर ऑफिस किराए पर लेटे थे। उसके बाद सोशल मीडिया और अन्य प्रचार के माध्यम से विदेश भेजने के नाम पर लोगों को आकर्षित करते थे। इनकी एक टीम फर्जी दस्तावेजों से बैंक खाता खोल थी जिनके साथ ठगी हो रही है उनको शक ना हो इसीलिए बैंक अकाउंट में पैसा लिया जाता था साथ ही मेडिकल कराया जाता था।

### दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट व तोड़फोड़

मोदीनगर। मोदी नगर के भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव शामली में फ्री पान मसाला दिलाने से इनकार करने पर दबंगों ने घर में घुसकर जमकर मारपीट व तोड़फोड़ की। इस संघर्ष में एक ही परिवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पांच नामजद सहित अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है। गांव शामली में मनोज सैनी परिवार सहित रहते है। देर रात उनका भतीजा आकाश परचून की दुकान पर खड़ा था। इसी बीच गांव निवासी अनुज आया और आकाश से पान मसाले का पाउच दिलाने को कहा। आकाश ने पैसे ना होने की बात कहीं तो मारपीट करने लगा। वहां पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। उस समय तो मामला शांत करा दिया। देर रात अनुज पक्ष के लोगों ने मनोज सैनी क घर पर धावा बोल दिया। एक दर्जन दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ कर मारपीट की। धारदार हथियार व सरिया से वार कर किए गए। इस हमले में मनोज सैनी ,सागर ,राहुल ,दीपक व आंकाक्षा गंभीर रुप से घायल हो गई। मनोज सैनी ने इस संबंध में भोजपुर थाने में तहरीर दी है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर द्रिवेश तोमर,सग्राम तोमर,कालो ,नीरज ,अनुज निवासी गांव शामली व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### चकबंदी की बैठक में मारपीट-पत्थरबाजी

मोदीनगर। मोदीनगर के फरीदनगर में चकबंदी कराने के लिए सहमति बनाने के लिए बुलाई गई बैठक में किसान आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर लात-घूसे चले और पत्थरबाजी भी हुई। इतना ही नहीं लेखपाल की कार में पत्थर लगने से शीशा टूटा गया। अधिकारियों ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। चकबंदी अधिकारी इस बारे में कुछ भी कहने से बच रहे है। कस्बा फरीदनगर में चकबंदी होने वाली है। चकबंदी विभाग ने इसके लिए एक कमेटी का गठन किया है। नियमानुसार ज्यादा किसानों के सहमति देने पर ही चकबंदी कराई जाती है। चकबंदी विभाग द्वारा कस्बा फरीदनगर में एक बैठक बुलाई गई। बैठक में सहायक चकबंदी अधिकारी सूरजपाल सिंह और लेखपाल रेखा सहित अन्य कर्मचारी पहुंचे। बताया जा रहा है कि कस्बा फरीदनगर में एक पक्ष चकबंदी कराने के पक्ष है। जबकि दूसरा पक्ष विरोध में है। सामुदायिक केन्द्र परिसर में चल रही बैठक में चकबंदी के पक्ष व विपक्ष में किसान अपना अपना तर्क दे रहे थे। इसी बीच दोनों पक्षों के बीच बहस हो गई। देखते ही देखते बात इतनी बिगड़ी कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर लात घूसे चले। इतना ही नहीं दोनों पक्षों ने जमकर पत्थर बाजी भी की। बताया जा रहा है एक पत्थर लेखपाल की कार में जा लगा। जिससे शीशा टूट गया। चकबंदी विभाग के अधिकारियों ने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

मोदीनगर। मुरादनगर में मंगलवार की देर रात ऑटो और बाइक की आमने-सामने भिड़त हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार उछलकर काफी दूर जा गिरा। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना रावली-सुराना मार्ग पर राधा कुंज कॉलोनी गेट के सामने की है। काकड़ा निवासी 50 वर्षीय अर्जुन त्यागी परिवार सहित रहते थे। वह बाइक से मुरादनगर गए थे। देर रात को 10 बजे के आसपास वह मुरादनगर से अपने गांव काकड़ा जा रहे थे। जब वह रावली-सुराना मार्ग पर राधा कुंज फैक्ट्री के गेट के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक उछलकर काफी दूर जा गिरे और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों ने बाइक सवार को मुरादनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि युवक के भाई राजपाल त्यागी की तहरीर पर पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गाली देने के विरोध में दोस्त ने गला दबाकर कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

साहिबाबाद। पाइप मार्केट कॉलोनी में एक दोस्त ने जय सिंह(48) की गला दबाकर हत्या कर दी। कमरे पर एक साथ खाना खाने के दौरान दोनों के बीच गाली गलौज हुई थी। गाली गलौज के विरोध में आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। हत्या के बाद आरोपी शव मौके पर छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी दोस्त राजेश को गिरफ्तार कर लिया है। मूल रूप से मैनपुरी में रहने वाले जय सिंह मजदूरी करते थे। वह साहिबाबाद के पाइप मार्केट कॉलोनी स्थित एक कमरे में किराए पर रहते थे। उनके सामने कमरे में सीतापुर में रहने वाले राजेश भी रहता है। राजेश भी मजदूरी करता है। दोनों अक्सर एक साथ खाना और शराब का सेवन करते थे। एसीपी साहिबाबाद रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि सोमवार को पाइप मार्केट कॉलोनी स्थित कमरे में जय सिंह का शव मिला था। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और अज्ञात पर घटना को अंजाम देने का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने हत्या के खुलासे के लिए टीम गठित की थी। एसीपी ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर जय सिंह के दोस्त राजेश पर हत्या का शक गया था।

### 18 करोड़ की साइबर ठगी, 12 गिरफ्तार

गुरुग्राम। साइबर ईस्ट थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों की जांच कर 12 लोगों को साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस की छानबीन के दौरान इस बात का खुलासा हुआ है कि इनके खिलाफ ठगी की 4995 शिकायतें दर्ज है। आरोपियों ने 18 करोड़ 13 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया है। इनके कब्जे से 10 मोबाइल व 25 सिमकार्ड बरामद किए गए है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के बाद उनको अदालत में पेश किया, जहां पर उनको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भोंडसी जेल भेज दिया है। एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दिवान के अनुसार साइबर अपराध पुलिस थानों की टीमों ने निम्नलिखित 12 साइबर ठगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 14 मार्च से 21 मार्च के बीच में इनको दबोचा गया है। इनकी पहचान मुस्ताक निवासी गांव खरखड़ी (नूंह), अजमत निवासी गांव खरखड़ी (नूंह), मुकेश सिंह निवासी गांव धारण (रेवाड़ी) व अभिषेक गर्ग निवासी सेक्टर-27 (गुरुग्राम) के रूप में हुई है। इसके बाद ठगी की वारदातों को अंजाम देने वाली एक महिला सहित कुल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिनकी पहचान महेंद्र तोमर निवासी जय अंबे सोसाइटी भार्गव रोड कुबेर नगर अहमदाबाद (गुजरात) व मनीषा निवासी रवि अपार्टमेंट प्रताप नगर सांगानेर जयपुर (राजस्थान) के रूप में हुई थी।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रदर्शनकारी वकीलों को दी चेतावनी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को प्रदर्शन कर रहे आम आदमी पार्टी (आप) के वकीलों को अपने जोखिम पर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने सवाल किया कि अदालत परिसर में वकील कैसे विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं।

यह मामला आप के कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा दिए गए एक अपील से संबंधित है कि आप के वकील दिल्ली की सभी जिला अदालतों के साथ-साथ उच्च न्यायालय में विरोध प्रदर्शन करेंगे।

आप के कानूनी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता संजीव नासियार ने सभी वकीलों से आह्वान किया था कि वे अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में इकट्ठा हों क्योंकि मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ साजिश रची गई है।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल के प्रति समर्थन दिखाने के लिए वकील समुदाय ने बुधवार, 28 मार्च को दोपहर 12:30 बजे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

दिल्ली बार काउंसिल के उपाध्यक्ष नासियार ने कहा कि वकील पटियाला हाउस कोर्ट, द्वारका कोर्ट, साकेत कोर्ट, कड़कड़डूमा कोर्ट, तीस हजारी कोर्ट और राउज एवेन्यू कोर्ट सहित दिल्ली की सभी जिला अदालतों में इकट्ठा होंगे और वहां आंदोलन करेंगे।




दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति मनमोहन के सामने जब यह मामला रखा गया कि दिल्ली की सभी अदालतों के वकील केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करेंगे, तब न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि अदालत में इस तरह का विरोध प्रदर्शन करने के परिणाम बहुत गंभीर होंगे।

न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि वह कल इस मामले की सुनवाई कर सकते हैं, साथ ही न्यायालय ने अदालत परिसर में विरोध प्रदर्शन करने के खिलाफ वकीलों को चेतावनी भी दी है।

न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि अदालत परिसर में गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के गंभीर परिणाम होंगे और यहां पर उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिपादित किए गए कानूनों को लागू किया जाएगा। अदालत को बाधित नहीं किया जा सकता है और इसे रोका नहीं जा सकता है।

उन्होंने कहा कि वादकारियों को न्यायालय में प्रवेश करने से नहीं रोका जा सकता है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि आप का कानूनी प्रकोष्ठ किसी नागरिक को अदालत का दरवाजा खटखटाने के मौलिक अधिकारों का हनन नहीं कर सकता है, यह कानून सम्मत नहीं है, अगर कोई ऐसा करता है, तो वह अपने जोखिम पर ऐसा करेगा और अगर आवश्यक हुआ तो अदालत कार्रवाई करेगी।

बीसीआई अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता मनन कुमार मिश्रा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में राष्ट्रीय राजधानी के कानून संबद्ध लोगों से अनुचित आंदोलन में शामिल होने या विभाजनकारी राजनीति के आगे झुकने का विरोध करने की अपील की।

मिश्रा ने वकीलों से वकालत के पेशे की अखंडता एवं गरिमा को बनाए रखने का आग्रह किया और कहा कि जब तक कि एक सक्षम अदालत स्पष्ट रूप से श्री केजरीवाल की बेगुनाही साबित नहीं करती है या उनकी गिरफ्तारी को अन्यायपूर्ण या गैरकानूनी घोषित नहीं करती है, तब तक किसी भी आंदोलन से परहेज करें।

दिल्ली उच्च न्यायालय की चेतावनी के बावजूद, आप के वकीलों ने भारी संख्या में इकट्ठा होकर संजीव नासियार के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ विधायकों ने की जमकर नारेबाजी, टीशर्ट पहनकर पहुंचे विधानसभा

नई दिल्ली। आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन जारी है। दिल्ली विधानसभा में आप के विधायकों ने मैं भी केजरीवाल की टीशर्ट पहनकर मार्च किया। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज, आतिशी, आम आदमी पार्टी विधायक संजीव झा टीशर्ट पहनकर दिल्ली विधानसभा पहुंचे हैं।



### एक अप्रैल तक के लिए दिल्ली विधानसभा स्थगित

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप विधायकों द्वारा सदन में नारेबाजी के बाद दिल्ली विधानसभा एक अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी गई। केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ विधायकों ने सदन में जमकर नारेबाजी की।

### सौरभ भारद्वाज बोले- हम आखिर तक लड़ेंगे

दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली विधानसभा के बाहर प्रदर्शन के दौरान आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यहां हर एक टी-शर्ट पहने हुए है। जो कहते हैं मैं भी केजरीवाल।

### क्यों बुलाया है दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र

आगे कहा कि हम भाजपा की तानाशाही के खिलाफ हैं। वे चुनाव के दौरान हमारे नेताओं पर छापेमारी कर रहे हैं। हमारे चार बड़े नेता जेल में हैं। इन लोगों ने तानाशाही की हदें पार कर दी हैं। वे आम आदमी पार्टी पर दबाव बना रहे हैं। वे हमारी सरकार गिराने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हम इस लड़ाई के खिलाफ लड़ते रहेंगे।

दिल्ली मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आज दिल्ली विधानसभा में विशेष सत्र बुलाया गया है। हम स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर चर्चा करेंगे। हालांकि यह मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पहली बार सदन को बुलाया गया है। सभी विधायक पहले ही इस गिरफ्तारी पर अपना गुस्सा व्यक्त कर चुके हैं। वहीं दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने कहा कि पानी और स्वास्थ्य से संबंधित बहुत सारे मुद्दे हैं। इसीलिए चर्चा की आवश्यकता थी। इसलिए, यह सत्र बुलाया गया है।

# भाजपा विधायकों ने मांगा केजरीवाल का इस्तीफा

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के एक दिन के सत्र के दौरान भाजपा विधायक दल ने मुख्यमंत्री केजरीवाल का इस्तीफा मांगा। आम आदमी पार्टी के विधायकों द्वारा हंगामा करने के बाद सदन स्थगित हो गया तो भाजपा विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में विधानसभा प्रांगण में धरना दिया। भाजपा विधायकों ने तख्तियां ली हुई थीं जिन पर लिखा था 'भ्रष्ट केजरीवाल इस्तीफा दो'।

बाद में भाजपा विधायक विधानसभा प्रांगण में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पहुंचे और मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने प्रार्थना भी की कि जेल पहुंचने के बाद भी इस्तीफा न देने की केजरीवाल अपनी जिद को छोड़ें। विधानसभा की बैठक शुरू होने पर आप विधायकों ने ही हंगामा शुरू कर दिया और विधानसभा नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने हमेशा की तरह आप के विधायकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। अपने आपको कट्टर ईमानदार कहने वाले अब सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री साबित हो गए हैं। अभी तो सिर्फ एक मामले में ही उन्हें गिरफ्तार किया गया है, जबकि वास्तविकता यह है कि उनके खिलाफ एक दर्जन मामलों में जांच चल रही है और उन्होंने जितने घोटाले किए हैं, उन सभी का हिसाब देना होगा। ऐसी स्थिति में इस्तीफे के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे दूसरे नेताओं को अक्सर यह नसीहत देते रहे हैं कि वे पद छोड़ दें। वे स्वयं तो गिरफ्तार हो गए हैं, लेकिन फिर भी पद छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं।

# हत्या को हादसा दिखाने वाला पूर्व जेलर का बेटा गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने जम्मू-कश्मीर में सूमो से टक्कर मारकर युवक की हत्या करने के मामले में वांछित मुख्यारोपी इंद्रप्रीत सिंह (48) को मोहाली से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वारदात को सड़क हादसा दिखाने का प्रयास किया था।

शुरू में हादसे का मामला दर्ज हुआ था। बाद में जांच के लिए एसआईटी बनी थी। आरोपी जम्मू-कश्मीर के पूर्व जेलर का बेटा है। आरोपी के चार साथियों को उम्रकैद हो चुकी है, जबकि पांचवें आरोपी की मौत हो चुकी है। आरोपी ने एमबीए किया हुआ है। अपराध शाखा के अपर पुलिस आयुक्त संजय भाटिया के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में हत्या के मामले में वांछित इंद्रजीत के छिपे होने के बारे में एसआई संजय राणा को सूचना मिली थी। इसके बाद एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर सुनील, एसआई संजय राणा, एसआई डेजी डागर, एएसआई उमेश कुमार व हवलदार संदीप कुमार की गठित टीम ने आरोपी के दिल्ली, इंदिरापुरम, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के ठिकानों पर निगरानी शुरू की। टीम ने तीन माह की तफ्तीश के बाद इंद्रजीत को मोहाली से गिरफ्तार कर लिया।

### आठ बैंक्वेट हॉल पर 40 लाख का जुर्माना

नोएडा। प्राधिकरण ने शहर के आठ बैंक्वेट हॉल पर 40 लाख का जुर्माना लगाया है। बैंक्वेट हॉल के किचन से चिकनाई युक्त गंदा पानी सीधे नाले में डालने की सूचना पर प्राधिकरण ने इनको नोटिस देकर 15 दिन में संबंधित संसाधन लगाने के निर्देश दिए थे। इसके अलावा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया था, लेकिन इन बैंक्वेट हॉल ने प्राधिकरण के निर्देशों का पालन नहीं किया। इसमें सेक्टर-51 का शेवरॉन, वेडिंग विला, आनंद बैंक्वेट, द सिटी प्राइड, रामा सेलिब्रेशन, रामा बैंक्वेट, डायमंड क्रॉउन और गोल्डन ड्रीम बैंक्वेट शामिल हैं। इन सभी पर पांच-पांच लाख का जुर्माना लगाया गया है।

# केजरीवाल अदालत में बतायेंगे कि कथित शराब घोटाले का पैसा कहां गया : सुनीता

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने दावा किया है कि केजरीवाल 28 मार्च को पूरे देश को बताएंगे कि इस कथित शराब घोटाले का पैसा कहां गया।



सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को यहां कहा कि कल शाम उन्होंने केजरीवाल से जेल में मुलाकात की। दो दिन पहले उन्होंने दिल्ली की जल मंत्री आतिशी को संदेश भेजा था कि पानी और सीवर की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। इस बात पर केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री पर केस कर दिया, क्या वे दिल्ली को तबाह करना चाहते हैं? इस बात से अरविंद केजरीवाल को बेहद पीड़ा हुई है।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने उनसे कहा कि इस कथित शराब घोटाले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले दो साल में 250 से ज्यादा छापेमारी की। अभी तक किसी भी छापेमारी में एक भी पैसा नहीं मिला है। ईडी ने मनीष सिसोदिया के यहां छापेमारी की, संजय सिंह के यहां छापेमारी की लेकिन एक भी पैसा नहीं मिला।

उन्होंने कहा कि ईडी ने हमारे यहां भी छापेमारी की, उन्हें मात्र 73 हज़ार रुपये मिले तो इस घोटाले का पैसा हैं कहां?

सुनीता केजरीवाल के अनुसार केजरीवाल इसका खुलासा 28 मार्च को अदालत के सामने करेंगे। वह सारे देश को सच बताएंगे कि इस तथाकथित शराब घोटाले का पैसा कहां है? इसका सबूत भी दिया जाएगा।

# एनसीवेब में कटऑफ के आधार पर ही होंगे स्नातक प्रोग्राम में दाखिले

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉन कॉलिजिऐट वूमेंस एजुकेशन बोर्ड (एनसीवेब) के शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक प्रोग्राम में दाखिले इस बार भी कटऑफ (मेरिट) के आधार पर ही होंगे। इस साल भी एनसीवेब की दाखिला प्रक्रिया में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। यहां मई के पहले सप्ताह तक आवेदन प्रक्रिया शुरू हो सकती है। दाखिले के लिए चार से पांच कटऑफ जारी की जाएंगी, जिसका शेड्यूल आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद जारी किया जाएगा।

मालूम हो कि डीयू के एनसीवेब में उपलब्ध दो कोर्सेज बीए प्रोग्राम व बीकॉम प्रोग्राम में केवल दिल्ली की लड़कियों को ही दाखिला मिलता है। एनसीवेब से जुड़े एक अधिकारी के अनुसार, इस साल भी दाखिला प्रक्रिया में कोई बदलाव देखने को नहीं मिलेगा।

बीते साल की तरह ही दाखिले छात्राओं के बारहवीं के अंकों के आधार पर ही होंगे। दाखिले सेंट्रल यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) से नहीं होंगे, जबकि डीयू के नियमित कॉलेजों में दाखिले के लिए छात्रों को सीयूईटी देना अनिवार्य है।

अधिकारी के अनुसार, आवेदन प्रक्रिया मई के पहले सप्ताह तक शुरू करने की तैयारी है। इस प्रक्रिया के दौरान छात्राओं को डीयू के यूजी दाखिला पोर्टल या एनसीवेब की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा।

आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद दाखिले के लिए बारहवीं के अंकों के आधार पर (मेरिट) कटऑफ जारी की जाएगी। अधिकतम पांच कटऑफ जारी की जाएंगी। यदि इन कटऑफ के बाद भी सीटें खाली रहती हैं तो स्पेशल ड्राइव के माध्यम से सीटों को भरा जाएगा।

एनसीवेब में छात्राओं के लिए 15 हजार से अधिक सीटें हैं। बीते साल 13 हजार से अधिक सीटें भरी थीं, जबकि एसटी व ओबीसी की छात्राएं कम मिलने के कारण इन श्रेणियों की कुछ सीटें खाली रह गई थीं। एनसीवेब के दो कोर्सेज बीए प्रोग्राम व बीकॉम प्रोग्राम में औसतन कटऑफ 60-92 फीसदी तक जाती है और दाखिला 26 कॉलेज सेंटरों पर होता है। इनमें नामी हंसराज व मिरांडा हाउस कॉलेज भी शामिल हैं। मालूम हो कि डीयू में नियमित कॉलेज, एसओएल व एनसीवेब में स्नातक की पढ़ाई होती है। सभी जगह चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम व डिग्री में समानता है। नियमित कॉलेजों में जहां कक्षाएं प्रतिदिन लगती हैं, वहीं एनसीवेब में कक्षाएं नियमित तौर पर नहीं, बल्कि शनिवार व रविवार को लगती हैं।

# चोरी के फोन ओएलएक्स पर बेच रहा बीएससी का छात्र गिरफ्तार

नई दिल्ली। किशनगढ़ थाना पुलिस ने चोरी के मोबाइल फर्जी आईडी से ओएलएक्स पर बेचने वाले इग्नू के बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र को गिरफ्तार किया है।

पुलिस मोबाइल खरीदने के लिए फर्जी ग्राहक बनी और अवनीश राजमुड़े (24) को एमसीडी पार्क, मुनिरका गांव से दबोच लिया। आरोपी ओएलएक्स पर 50 से ज्यादा मोबाइल बेच चुका है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के दो महंगे फोन बरामद किए हैं। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सेक्टर-5, आरकेपुरम निवासी अभिनव कुमार तिवारी ने मोबाइल व अन्य सामान चोरी होने की शिकायत 11 मार्च को ऑनलाइन की थी।

मामला दर्जकर किशनगढ़ थानाध्यक्ष शंभू नाम की देखरेख में हवलदार योगेश यादव, विनोद यादव और अजय यादव व सिपाही अनिल की टीम ने जांच शुरू की। जांच में आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी और मुखबिरों की मदद से आरोपी का पता लगाने का प्रयास किया गया व चोरी हुए मोबाइल को सर्विलांस पर रखा गया।

# मासूम की हत्या से नाराज ग्रामीणों ने किया हंगामा

**दादरी।** पांच दिन पहले विवाहिता को घर से मारपीट कर निकालने के दो दिन बाद ही ससुरालियों पर 11 माह की मासूम बच्ची की हत्या करने का आरोप लगा है। हत्या के साक्ष्य मिटाने के लिए अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। आरोप है कि पुलिस की ओर से समय रहते कार्रवाई की जाती तो मासूम की जान बच सकती थी। मामले को लेकर पीड़िता के साथ ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर दादरी कोतवाली में हंगामा किया। हालांकि, पुलिस ने दो दिन में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया तो ग्रामीण शांत हो गए।

बता दें कि दादरी कोतवाली क्षेत्र के रूपवास गांव निवासी पूजा की शादी दो साल पहले नगर पालिका परिषद क्षेत्र के गढ़ी गांव में अंकित भाटी के साथ हुई थी। 23 मार्च को विवाहिता और उसके परिजनों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारपीट कर घर से भगाने का आरोप पति अंकित भाटी और परिजनों पर लगाया था।

# पीजी के 12 प्रोग्राम की दाखिला प्रवेश परीक्षाओं की तिथि बदली

नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने लोकसभा चुनावों के चलते स्नातकोत्तर के 12 प्रोग्राम की दाखिला प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव कर दिया है। पहले परीक्षाएं मई में होनी थीं, लेकिन नए शेड्यूल के मुताबिक अब दाखिला प्रवेश परीक्षाएं जून में होंगी। इसमें एमए इकोनॉमिक्स, एमए एप्लाइड साइकोलॉजी, डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग (रैगुलर एंड सेल्फ फाइनेंस), एमबीए सेल्फ फाइनेंस (रेगुलर एंड सेल्फ फाइनेंस), बीएड, एमए ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, एमए अरेबिक, एमए सोशल वर्क, एमए इंग्लिश, बीएससी एरोनोटिक्स, एमसीए और एमए हिस्ट्री आदि विषयों की दाखिला प्रवेश परीक्षाएं शामिल हैं।



जामिया मिल्लिया इस्लामिया में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विभिन्न स्नातकोत्तर प्रोग्राम में दाखिला लेने वाले छात्र ध्यान दें। परीक्षा नियंत्रक विभाग ने लोकसभा चुनावों के कारण 12 स्नातकोत्तर प्रोग्राम की परीक्षाओं की तिथि में बदलाव कर दिया है। विश्वविद्यालय ने इस संबंध में छात्रों के नाम पब्लिक नोटिस भी जारी किया है।

जामिया ने 24, 25 और 26 मई को होने वाली दाखिला प्रवेश परीक्षाओं की तिथि में बदलाव किया है। नई तिथि के तहत नौ, 10 और 11 जून को परीक्षाएं होंगी। इसमें एमए इकोनॉमिक्स, एमए एप्लाइड साइकोलॉजी, डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग (रेगुलर एंड सेल्फ फाइनेंस), एमबीए सेल्फ फाइनेंस (रेगुलर एंड सेल्फ फाइनेंस) प्रोग्राम में दाखिला प्रवेश परीक्षा अब नौ जून (सुबह साढ़े नौ से 11 बजे, साढ़े 11 से दोपहर एक बजे, दोपहर ढाई बजे से साढ़े पांच बजे के बीच) को आयोजित होगी, जबकि बीएड, एमए ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, एमए अरेबिक प्रोग्राम की परीक्षा अब 10 जून (सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे, दोपहर ढाई बजे से चार बजे के बीच) को आयोजित होगी।

# संपादकीय

## महिला सुरक्षा और उनका सम्मान

महिलाओं का सम्मान एक समृद्ध, समाजवादी और उन्नत समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं का सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत आत्ममुखी विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि समाज के समूचे विकास और प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। महिलाओं का सम्मान उनके विशेष योगदान, सम्पन्नता और अधिकारों की पहचान को साबित करता है। यह उन्हें समाज में उन्नति के लिए प्रेरित करता है और समाज के सभी क्षेत्रों में उनकी समानता को बढ़ावा देता है। महिलाओं का सम्मान समाज की सबसे मौलिक मानवीय अधिकारों में से एक है। यह समाज के धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास का अभिन्न हिस्सा है। महिलाओं का सम्मान उन्हें उनके अधिकारों की निश्चितता और स्वतंत्रता के साथ जीने का अधिकार देता है। महिलाओं का सम्मान विभिन्न रूपों में प्रकट होता है। यह उनके सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति में समानता के साथ होना चाहिए। महिलाओं को उनके विकास और समृद्धि के लिए उन्नति के अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। महिलाओं का सम्मान उन्हें समाज में सम्मानित और मान्यता प्राप्त करने का अधिकार देता है। यह उन्हें स्वतंत्र और स्वावलंबी बनाता है, जिससे वे अपने अधिकारों का उपयोग कर सकती हैं और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित होती हैं। महिलाओं का सम्मान उन्हें समाज में स्थान और पहचान प्रदान करता है। यह उन्हें आत्मविश्वास और सामर्थ्य का अनुभव कराता है, जिससे वे समाज के सभी क्षेत्रों में अपनी भूमिका निभा सकती हैं। महिलाओं का सम्मान उन्हें विशेष योगदान के लिए सम्मानित करता है। यह समाज को उनके योगदान को महत्वपूर्ण मानने की संदेश देता है और उन्हें समाज के साथ अभिवादन करता है। महिलाओं का सम्मान उन्हें समाज में समानता के साथ जीने का अधिकार प्रदान करता है। यह समाज के विकास और प्रगति में भागीदारी को बढ़ावा देता है और समाज को समृद्ध बनाने में मदद करता है।

महिलाओं की सुरक्षा की बात करते समय, हमें यह जानकारी होनी चाहिए कि यह उनका मौलिक अधिकार है। समाज में महिलाओं को निर्भयता का माहौल मिलना चाहिए, जिससे वे अपने जीवन को खुले दिमाग से जी सकें और अपने पूर्ण क्षमताओं का उपयोग कर सकें। हालांकि, वास्तविकता यह है कि आजकल भारतीय समाज में महिलाओं की सुरक्षा का स्थिति चिंताजनक है। हर दिन के समाचार में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों की रिपोर्ट होती रहती है। यह स्थिति हमारे समाज की सामाजिक सांस्कृतिक समस्याओं को दर्शाती है। महिलाओं की सुरक्षा के मामले में सबसे चिंताजनक बात यह है कि अक्सर इसका शिकार होने वाली महिलाओं को न्याय दिलाने में काफी मुश्किलें होती हैं। समाज में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों की रिपोर्ट करने में भी उन्हें बड़ी संकटों का सामना करना पड़ता है। इसके कारण बहुत सारी महिलाएं अपने हक के लिए आवाज़ उठाने से हिचकिचाती हैं। समाज में महिलाओं की सुरक्षा के लिए सशक्त और कठोर कानूनों की जरूरत होती है, जो अपराधियों को सजा दिला सके और अपराधों की रोकथाम कर सके। इसके साथ ही, समाज को भी उन्हें समर्थन और सहायता प्रदान करने की जरूरत होती है, ताकि वे अपने अधिकारों को प्राप्त करने में सक्षम हो सकें।

## हुकूमत की मजबूरी और रिश्तों का दबाव

विचित्र है कि जब भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के विरुद्ध जंग छेड़ने की बात उठती है, तो पाकिस्तान उसमें सहयोग करने का आश्वासन देता है, मगर हकीकत यह है कि वह आतंकवादियों का सबसे सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है।

बलूचिस्तान प्रांत के लोगों का मानना है कि पाकिस्तान सरकार उनके प्रांत के हितों की अनदेखी करती है। आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान दोहरा रवैया अख्तियार करता रहा है। एक तरफ तो वह भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों को हथियार की तरह इस्तेमाल करता रहा है, मगर दूसरी तरफ अपने ही बलूचिस्तान इलाके में आतंकवाद से लड़ना उसके लिए चुनौती बना हुआ है।

सोमवार को बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद शहर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने हमला किया और गोली बरसाते हुए अंदर घुसने का प्रयास किया। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला किया, जिसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई। इन दोनों हमलों की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी नाम के आतंकी संगठन ने ली है।

सैनिक ठिकानों या फिर चीनी नागरिकों पर ये हमले नए नहीं हैं और न ये केवल बलूचिस्तान प्रांत तक सीमित हैं। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी वहां इस कदर ताकतवर है कि वह जब-तब पाकिस्तानी सुरक्षाबलों को चुनौती देती रहती है। पाकिस्तानी सेना और पुलिस ने बलूचिस्तान प्रांत से आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने के इरादे से हर तरह के कड़े कदम उठाए हैं, वहां के बेगुनाह लोगों पर भी खूब अत्याचार किए हैं, मगर उनके इरादे कमजोर करने में उन्हें कोई कामयाबी नहीं मिल पाई है।

दरअसल, बलूचिस्तान प्रांत के लोगों का मानना है कि पाकिस्तान सरकार उनके प्रांत के हितों की अनदेखी करती है। फिर, उस इलाके के लोग पाकिस्तान में चीन की बढ़ती दखल का पुरजोर विरोध करते रहे हैं। उनकी कहना है कि चीन उनके इलाके में घुस कर उनके संसाधनों का दोहन कर रहा है। दरअसल, पाकिस्तान में 'चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे' के तहत कई परियोजनाएं चल रही हैं। बलूचिस्तान प्रांत के लोग उनका विरोध करते रहे हैं। इससे पहले भी चीनी नागरिकों पर कई बार हमले हो चुके हैं।

ताजा हमला उसी की एक कड़ी है। मगर पाकिस्तान हुकूमत की मजबूरी यह है कि वह इन परियोजनाओं के नाम पर चीन से काफी पैसा ले चुकी है और इन दिनों जिस आर्थिक बदहाली के दौर से देश गुजर रहा है, उसमें वह चीन का दामन छोड़ नहीं सकती।

चीन से उसकी दोस्ती न केवल आर्थिक कारणों से, बल्कि भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्तों की वजह से भी है। चीन से दोस्ती करके वह भारत पर मानसिक दबाव बनाने की कोशिश करता है, मगर हकीकत यह है कि अपनी इस लचर रणनीति में वह खुद चीन के पंजे में अपनी गर्दन फंसा चुका है। अगर वह बलूचिस्तान प्रांत के लोगों के विरोध पर गंभीरता दिखाता, तो शायद आतंकवादी उसे अपने हथियार के तौर पर इस्तेमाल नहीं कर पाते।

बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवाद इतना ताकतवर हो चुका है कि उसके चलते पाकिस्तान को ईरान और अफगानिस्तान के साथ रिश्तों में संतुलन साधना भी कठिन हो गया है। कुछ महीने पहले ही ईरान ने बलूचिस्तान प्रांत के कुछ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने भी उसके इलाके में हवाई हमले किए।

विचित्र है कि जब भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के विरुद्ध जंग छेड़ने की बात उठती है, तो पाकिस्तान उसमें सहयोग करने का आश्वासन देता है, मगर हकीकत यह है कि वह आतंकवादियों का सबसे सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है।

पाकिस्तान खुद भी इस बात से वाकिफ है कि उसकी तरक्की के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा आतंकवाद है, मगर वह उस पर अंकुश लगाने को लेकर कभी संजीदा नजर नहीं आता।

# ग़ाज़ा पट्टी में युद्ध विराम की जरूरत



-ललित गर्ग-



संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को, ग़ाज़ा पट्टी में युद्ध और मानवीय पीड़ा पर विराम लगाने के लिए, तत्काल युद्धविराम लागू किए जाने और तमाम बन्धकों की तत्काल व बिना शर्त रिहाई की मांग करने वाला एक नया प्रस्ताव पारित कर दिया है। यह प्रस्ताव, 11 मार्च को शुरू हुए रमजान के महीने की करुण एवं मानवीय पुकार है, साथ ही, इसराइल पर हमलों के दौरान बन्धक बनाए लोगों में से शेष 130 लोगों को रिहा किए जाने की मांग है। हमास एवं इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देकर, शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दृढ़ता से शांति प्रयास एवं युद्ध विराम को लागू करना ही चाहिए। मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देनी चाहिए। इन दोनों देशों को अभय बनकर विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यह समय की नजाकत को देखते हुए जरूरी है और इस जरूरत को महसूस करते हुए दोनों देशों को अपनी-अपनी सेनाएं हटाने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। ग़ाज़ा में विशाल स्तर पर उपजी आवश्यकताओं और ज़रूरतमन्द आबादी तक मानवीय सहायता पहुँचाएं जाने की भी जरूरत है, क्योंकि वहां के लोग भुखमरी के कगार पर पहुँच चुके है।

छह महीने से जारी इस भयंकर जंग के दौरान यह पहला मौका है, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का प्रस्ताव पारित किया है। यह इसलिए संभव हुआ कि अमेरिका ने इसे वीटो करने से परहेज किया। निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद का यह प्रस्ताव विश्व जनमत से उपजे दबाव की अभिव्यक्ति है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध विराम देने के प्रस्ताव को बल देना चाहिए और इसे लागू करने के प्रयास करने चाहिए। पिछले सात अक्टूबर को हमास की ओर से किए गए आतंकी हमले के खिलाफ जब इस्राइल ने कार्रवाई की बात कही तो अमेरिका और भारत समेत तमाम देशों की सहानुभूति उसके साथ थी। लेकिन इस्राइल ने जिस तरह से गाजा में हवाई हमले शुरू किए और वहां से आम लोगों के हताहत होने की खबरें आने लगीं, उसके बाद यह आवाज तेज होती गई कि इस्राइल को अपने अभियान का स्वरूप बदलना चाहिए। अब तक गाजा में करीब 32 हजार लोगों के मारे जाने की खबरें हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। भारत हमेशा युद्ध-विरोधी रहा है, युद्ध-विराम की उसकी कोशिशें निरन्तर चलती रही है। किसी भी देश में यह भ्रम पैदा नहीं होना चाहिए कि भारत हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा है। भारत ने उचित ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को यह भी बता दिया है कि वह सभी संबंधित पक्षों के संपर्क में है और उनसे बातचीत की मेज पर लौटने का आग्रह कर रहा है। निस्संदेह, भारत को मानवता के पक्ष में शांति, युद्ध-विराम और राहत के प्रयासों में जुटे रहना चाहिए। भारत के ऐसे प्रयासों का ही परिणाम है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का ऐसा प्रस्ताव पारित किया है।

गाजा पट्टी में हिंसक टकराव पर विराम लगाने के लिए सुरक्षा परिषद की कई बैठकें हो चुकी हैं, मगर फिलहाल यह सम्भव नहीं हो पाया है। नवम्बर 2023 में एक सप्ताह के लिए लड़ाई रोकी गई थी और गाजा से बंधकों और इस्राइल से फलस्तीनी बंदियों की अदला-बदली हुई थी। मगर, इसके बाद लड़ाई फिर भड़क उठी और इसमें तेजी आई है। गाजा में मृतक संख्या और भूख व कुपोषण से प्रभावित फलस्तीनियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके मद्देनजर लड़ाई को जल्द से जल्द रोके जाने और मानवीय पीड़ा पर मरहम लगाने की मांग भी प्रबल हो रही है। दुनिया के किसी भी हिस्से में मानवता का इस तरह पीड़ित एवं मर्माहत होना शर्म की बात है। इस शर्म को लगातार ढ़ोते रहना शक्तिसम्पन्न एवं निर्णायक राष्ट्रों के लिये शर्मनाक ही है। अब एक सार्थक पहल हुई है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए।

समूची दुनिया और उसके देश हमास एवं इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देने की अपेक्षा महसूस करते हुए लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन अफसोस की बात थी कि अलग-अलग देशों में हो रहे प्रदर्शनों में व्यक्त होती जनभावना एवं मानवता की पुकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के रूप में बाहर नहीं आ पा रही थी। खुद अमेरिका इससे पहले गाजा युद्ध विराम से जुड़े तीन प्रस्ताव को वीटो कर चुका था। सोमवार को मतदान से अलग रहते हुए भी उसने इस प्रस्ताव को पारित होने दिया, जो उसके अब तक के रुख में अहम बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी रुख में आए इस कथित बदलाव पर इस्राइल ने भले ही तीखी प्रतिक्रिया जताई। इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने इसी सप्ताह बातचीत के लिए अमेरिका जाने वाले एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम को रद्द करने की घोषणा कर दी। हालांकि अमेरिका ने अपने रुख में बदलाव से इनकार किया है, लेकिन फिर भी माना जा रहा है कि अमेरिका का ताजा कदम इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इस्राइल उसके समर्थन को तय मानकर न चले। भले ही अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की नाकामी ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक क्षेत्र में एक रिक्तता पैदा करते हुए संकट को गहराया है लेकिन अब अमेरिका के बदले रूख से युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होने की संभावनाएं हैं। अमेरिका के रुख में यह बदलाव और सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन फिर भी इनके संभावित परिणामों को लेकर अभी धुंधलके ही छाये हैं, किसी निष्कर्ष एवं निर्णायक मोड में पहुंचने की बात अभी जल्दबाजी ही प्रतीत हो रही है। हालांकि अभी बात इस्राइल और फलस्तीन के बेहद लंबे और जटिल विवाद की नहीं, बस गाजा में चल रहे युद्ध को बंद करने और बंधकों को रिहा करने की संभावनाओं तक सीमित है। लेकिन यह सीमित लक्ष्य भी तमाम अनिश्चितताओं से घिरा है। ऐसे में फिलहाल सिर्फ यह उम्मीद और अपील की जा सकती है कि सभी संबंधित पक्ष इस मामले में सकारात्मक और लचीला रुख अपनाएं।

बात भले ही अभी गाजा में युद्ध-विराम की हो, लेकिन युद्ध कहीं भी हो, विनाश का ही कारण है, विकास को अवरूद्ध करने एवं शांति एवं अमन को बाधित करने का जरिया है। युद्ध तो लम्बे समय से रूस एवं यूक्रेन के बीच भी चल रहा है। हमाम और इस्राइल भी लम्बे समय से युद्धरत है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा। विश्वशांति एवं मानवता की रक्षा का ध्यान रखते हुए युद्धरत देशों को युद्ध विराम के लिये अग्रसर होना चाहिए। जब तक युद्धरत देशों के अहंकार का विसर्जन नहीं होता तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे। मंगल कामना है कि अब मनुष्य यंत्र के बल पर नहीं, भावना, विकास और प्रेम के बल पर जीए और जीते।

# संकल्प संयम और अनवरत श्रम सफलता के सूत्र

किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए सही योजना परिकल्पना तथा रणनीति अत्यंत आवश्यक है।

अपने लक्ष्य के अनुसार अपनी क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए व्यक्ति को अपनी प्राथमिकताएं सुनियोजित कर लेनी चाहिए, लक्ष्य प्राप्ति के लिए यह बहुत जरूरी है कि आपके पास उपलब्ध समय की गणना आवश्यक रूप से कर ले, अन्यथा अपने टारगेट से इधर उधर भटक सकते हैं, ऐसी स्थिति में मन को एकाग्र रखकर आत्मविश्वास को द्विगुणित कर के एकाग्रता को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करना एक महत्वपूर्ण कदम होगा, सर्वप्रथम आप अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानिए एवं लक्ष्य की तरफ एक एक सोपान धीरे धीरे बढ़ाते जाएं, लक्ष्य के स्वरूप और छोटा या बड़ा होने की मन में कल्पना न करें, लक्ष हमेशा लक्ष्य होता है छोटा बड़ा नहीं, इसके लिए बहुत ही ठंडे दिमाग से योजना बनाकर लक्ष्य की प्राप्ति के उपायों को मन ही मन तय करें एवं प्राथमिकता के आधार पर उसकी धीरे धीरे तैयारी करना शुरू करें।

सफलता के लिए अपने संसाधन सुनिश्चित करने के पश्चात एक सुनियोजित योजना बनाकर समय की प्रतिबद्धता के हिसाब से धीरे-धीरे आगे की ओर अपने कदम न सुनिश्चित करें।

लक्ष्य प्राप्ति के लिए जो सबसे बड़ा शस्त्र है वह समय का सदुपयोग, क्योंकि हम सभी को मालूम है कि हमारे पास दिन में सिर्फ 24 घंटे ही उपलब्ध होते हैं, इसमें हमें दैनिक दिनचर्या शारीरिक एवं मानसिक शक्ति प्राप्त करने के लिए समय निकालने की आवश्यकता होगी, ऐसे में समय का समुचित उपयोग एक सफल नियोजन कर्ता की तरह किया जाना चाहिए, उपलब्ध समय में उचित समय पर उठना स्नान, ध्यान, भोजन एवं मानसिकता दृढ़ता के लिए समुचित नींद या निद्रा की अत्यंत आवश्यक होती है ।

किसी ने सच कहा है, मन के हारे हार है और मन के जीते जीत, यदि आपको जीवन में जीत या सफलता प्राप्त करनी है तो आप मानसिक दृढ़ता के साथ आप आत्मविश्वास से लवरेज यानी ओतप्रोत होने के लिए तैयार हो जाए, लक्ष्य छोटा हो या बड़ा घबराने की आवश्यकता नहीं है , क्योंकि मनुष्य का मस्तिष्क ही सोच के हिसाब से सफलता लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सक्षम होता है।

काम करने से पहले ही यदि आप आधे मन से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे तो सफलता प्राप्त होने में संदेह ही नहीं सारी परिस्थितियां संदिग्ध हो जाती है। लक्ष्य की दूरहता या क्लिष्टता का पूर्वानुमान अपनी सफलता की तैयारी के पूर्व ही कर लिया जाना चाहिए और इन सब के लिए सुनियोजित रणनीति या कार्य योजना तैयार कर उस लक्ष्य की तरफ रुख किया जाना चाहिए।

अपनी प्राथमिकताओं में सर्व प्रथम स्थान नींद का होना चाहिए, सही वक्त पर पूरी नींद ही शरीर को चुस्त-दुरुस्त और सजग रखती है । अतः दिन में मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए संपूर्ण 6 से 8 घंटे नींद ले लेनी चाहिए, जिससे मानसिक चुस्ती आने के साथ कार्य क्षमता में वृद्धि होती है, अन्यथा आपका किसी कार्य में समुचित मन लगना संदिग्ध होगा।




# राजस्थान में वसुंधरा समर्थक सांसदों का सफाया



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के सभी समर्थक सांसदों के टिकट काट दिए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के बड़ी संख्या में टिकट काटे गए थे। अब लोकसभा चुनाव में भी उनके समर्थकों का सफाया हो गया है। सिर्फ वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह को झालावाड़ से पांचवीं बार सांसद का टिकट मिला है। श्रीगंगानगर सीट पर पांच बार के मौजूदा सांसद निहालचंद मेघवाल का टिकट काटकर अनूपगढ़ नगर परिषद की अध्यक्ष प्रियंका बैलान को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रियंका बैलान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सीपी जोशी के साथ युवा मोर्चा में प्रदेश सचिव रह चुकी है। निहालचंद मेघवाल 1996, 1999, 2004, 2014 व 2019 में सांसद व 1998 में रायसिंह नगर से विधायक रह चुके हैं। उनके पिता बेगाराम चौहान 1977 में जनता पार्टी से व 1989 में जनता दल से सांसद व 1972 में रायसिंह नगर से स्वतंत्र पार्टी की टिकट पर विधायक रह चुके हैं। निहालचंद के भाई लालचंद चौहान भी 2003 में रायसिंह नगर से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। ऐसे में निहालचंद मेघवाल का टिकट काटने का सिर्फ एक ही कारण रहा है। उनका वसुंधरा राजे गुट में होना। कांग्रेस ने वहां से कुलदीप इंदौरा को प्रत्याशी बनाया है।

चूरू से भाजपा के दो बार सांसद रहे राहुल कस्वां का टिकट काटने का भी मुख्य कारण वसुंधरा राजे के नजदीकी होना था। राहुल कस्वां चूरू में मजबूत जनाधार वाले नेता माने जाते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में नेता प्रतिपक्ष रहे राजेंद्र राठौड़ के तारानगर से चुनाव हारने के चलते राहुल कस्वां का टिकट काटा गया है। राहुल कस्वां स्वयं 2014 व 2019 में चूरू से भाजपा टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। उनके पिता रामसिंह कस्वां चूरू से चार बार सांसद व सादुलपुर से विधायक रह चुके हैं।

राहुल कस्वां के दादा दीपचंद कस्वां 1980 में सादुलपूर सीट से निर्दलिय व राहुल कस्वां की माता कमला कस्वां 2008 में सादुलपुर से भाजपा की विधायक रह चुकी है। उनकी माता कमला कस्वां चूरू की जिला प्रमुख व पंचायत समिति प्रधान भी रही हैं। राहुल कस्वां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छोटे भाई कुलदीप धनकड़ के दामाद है। फिर भी उनका टिकट महज राजेंद्र राठौड़ के विरोध के चलते काटा गया है। अब राहुल कस्वां कांग्रेस टिकट पर चूरू लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

झुंझुनू से नरेंद्र कुमार खीचड़ का टिकट काटकर उदयपुरवाटी से पूर्व में विधायक रहे शुभकरण चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र खीचड़ भी वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाते रहे हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले स्वयं वसुंधरा राजे ने उनको भाजपा में शामिल करवा कर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा टिकट पर प्रत्याशी बनवाया था। 2019 में उन्हें वसुंधरा राजे की सिफारिश पर ही लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया था। झुंझुनू में कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला के सुपुत्र विजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया है।

जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा से दो बार लगातार सांसद व पूर्व जिला प्रमुख रहे रामचरण बोहरा का टिकट काटकर मंजू शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया हैं। रामचरण बोहरा वसुंधरा राजे के नजदीकी लोगों में शुमार होते थे तथा उनके हर कार्यक्रम में पूरी सक्रियता से भाग लेते थे। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। हालांकि मंजू शर्मा भी भाजपा के तीन बार प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा की सभी सरकारों में मंत्री रहे दिग्गज नेता भंवरलाल शर्मा की पुत्री है तथा 2008 में हवामहल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी बृजकिशोर शर्मा से मात्र 580 वोटो से चुनाव हार गई थी। चर्चा है कि मंजू शर्मा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सिफारिश पर भाजपा का प्रत्याशी बनाया गया है दौसा से भाजपा सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट दी गयी है। जसकौर मीणा पूर्व में सवाई माधोपुर से सांसद व बाजपेयी सरकार में राज्य मंत्री रह चुकी है। वह वसुंधरा राजे के नजदीकी मानी जाती है। दौसा सीट पर वर्तमान सांसद जसकोर मीणा अपनी पुत्री अर्चना मीणा को टिकट दिलवाना चाहती थी। वहीं राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा को टिकट दिलवाना चाहते थे। ऐसे में भाजपा ने वहां से चार बार विधायक व मंत्री रह चुके कन्हैयालाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने दौसा से मौजूदा विधायक मुरारीलाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है।

करौली-धौलपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद मनोज राजोरिया का टिकट काट कर पूर्व प्रधान इन्दु देवी जाटव को प्रत्याशी बनाया है। मनोज राजोरिया 2014 व 2019 में सांसद बनने में सफल रहे थे। उनका वसुंधरा राजे के प्रति जुड़ाव किसी से छिपा हुआ नहीं है। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है।

उदयपुर सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। यहां से लगातार दो बार सांसद रहे अर्जुनलाल मीणा का टिकट काटकर उनके स्थान पर परिवहन विभाग में कार्यरत मन्नालाल रावत को उम्मीदवार बनाया गया है। अर्जुन लाल मीणा वसुंधरा राजे गुट के माने जाते हैं। इसी के चलते उनका टिकट काट दिया गया है। कांग्रेस ने यहां से पूर्व जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा को प्रत्याशी बनाया है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद कनकमल कटारा का टिकट काटकर कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय को प्रत्याशी बनाया गया है। मालवीय प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पसंद माने जाते हैं।

भीलवाड़ा लोकसभा सीट पर लगातार दो बार से सांसद बनते आ रहे सुभाष बहेड़िया का टिकट कटना भी तय माना जा रहा है क्योंकि यहां से अभी तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हो पाई है। जबकि कांग्रेस ने यहां से दामोदर गुर्जर को अपना प्रत्याशी बना दिया है। सुभाष बहेड़िया ने 2019 का लोकसभा चुनाव 611460 वोटो के अंतर से जीता था। इतनी बड़ी जीत होने के बावजूद भी बहेड़िया का टिकट क्लियर नहीं होने के चलते कयास लगाए जा रहे हैं कि पिछली बार अजमेर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रिजु झुंझुनूवाला के भाजपा में शामिल होने के चलते भीलवाड़ा से उनको भी प्रत्याशी बनाया जा सकता है

अजमेर से भाजपा के मौजूदा सांसद व प्रत्याशी बनाये गये भागीरथ चौधरी पिछले विधानसभा चुनाव में किशनगढ़ सीट पर तीसरे स्थान पर रहे थे। मगर इसके बावजूद उनको प्रत्याशी बनाया गया है। भागीरथ चौधरी भी पहले वसुंधरा राजे के नजदीकी थे। मगर उन्होंने परिस्थितियों देखकर उनसे दूरी बना ली। इसी के चलते उनका प्रत्याशी बना दिया गया है।

राजस्थान भाजपा में अब पूरी तरह पीढ़ीगत बदलाव हो रहा हैं। एक तरफ जहां भजनलाल शर्मा जैसे आम कार्यकर्ता को वसुंधरा राजे पर तरहीज देते हुए मुख्यमंत्री बना दिया गया है। वहीं लोकसभा चुनाव में भी सभी वसुंधरा समर्थकों के टिकट काटकर नए लोगों को प्रत्याशी बनाना इस बात का संकेत है कि राजस्थान की राजनीति में अब वसुंधरा राजे का प्रभाव समाप्त हो रहा है और नई पीढ़ी के नेता आगे आ रहे हैं।

# शार्ट न्यूज

## बस्ती में किशोरी ने नदी में कूदकर दी जान

**बस्ती।** बस्ती के लालगंज थाना क्षेत्र की कुआनों नदी में अज्ञात कारणों से एक 17 वर्षीय युवती कूद गई। युवती को नदी में कूदता देख लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। लोगों ने डूबने का वीडियो बनाया, लेकिन बचाने की कोशिश नहीं की। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू कराई, लेकिन तब तक युवती की जान जा चुकी थी। गोताखोरों ने उसके शव को नदी से बाहर निकाला और पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराई। मृतका की पहचान उक्त थाना क्षेत्र के हथियांव कला माझीपुरवा की रहने वाली एक युवती के रूप में हुई। मृतका की मां ने बताया कि उनकी बेटी हेवंती नाश्ता बनाने के बाद घर से बिना बताए निकल गई। सुबह 9.30 बजे सूचना मिली कि वह लालगंज पुल से कुआनों नदी में कूद गई है और उसकी मौत हो गई है। मृतका के पिता सऊदी में नौकरी करते हैं। उनके पांच बच्चे हैं। जिसमें चार बेटियां व एक बेटा है। हेवंती दूसरे नंबर पर थी। बड़ी बहन का विवाह हो चुका है। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया पुलिस इसकी पड़ताल करने में जुटी है। मामले को लेकर एसओ लालगंज सुनील कुमार गौंड ने बताया कि युवती ने ऐसा कदम क्यों उठाया इसके लिए परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

## झांसी में ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने जान दी

झांसी। झांसी में बुधवार को एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। वह घर से नई बाइक लेकर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया। जब ट्रेन आई तो वह पटरी पर लेट गया। इससे उसका सिर कटकर धड़ से अलग काफी दूर जा गिरा। सुसाइड के पीछे की वजह गंभीर बीमारी और घरेलु कलह बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरु कर दी है। घटना पूंछ थाना क्षेत्र के खिल्ली-चितगुवां रेलवे फाटक के पास हुई है। मृतक का नाम रवि (42) पुत्र घनश्याम था। वह एरच का रहने वाला था। वह इलेक्ट्रिशियन का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। लेकिन कुछ समय पहले उसे कैंसर हो गया। इसको लेकर वह परेशान रहता था। बुधवार सुबह बीमारी और घरेलु कलह के चलते वह घर से नई बाइक लेकर निकला। उसने किसी को कुछ नहीं बताया। इसके बाद वह पूंछ थाना क्षेत्र के खिल्ली-चितगुवां रेलवे फाटक के पास पहुंच गया। बाइक खड़ी करके वह ट्रेन आने का इंतजार करने लगा। जब ट्रेन आई तो वह पटरी पर लेट गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## हापुड़ में किशोर के साथ कुकर्म

हापुड़। हापुड़ के पिलखुवा में एक किशोर के साथ कुकर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही किशोर के साथ कुकर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पिलखुवा क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार देर रात को पड़ोस के गांव बड़ौदा हिन्दवान निवासी अरविंद ने 9 वर्षीय किशोर को कोल्ड ड्रिंक पिलाने के बहाने बुला लिया। इसके बाद उसे खेत में ले जाकर कुकर्म की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी ने शिकायत करने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। परेशान किशोर जब घर पहुंचा तो परिजनों ने मामले की जानकारी की। किशोर ने परिजनों को अपनी आपबीती बताई तो किशोर की बात को सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। पीड़ित परिजन किशोर को लेकर कोतवाली पहुंचे, जहां पुलिस ने किशोर को मेडिकल के लिए भेज दिया। वहीं पीड़ित परिजन की तहरीर पर पुलिस ने अरविंद को नामजद करके मुकदमा दर्ज किया था। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पीड़ित को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है।

## सफाई करने उतरे मजदूर की मौत

कानपुर। बुधवार को जाजमऊ में टेनरी वेस्ट की सफाई करने उतरे मजदूर की जहरीली गैस की वजह से मौत हो गई। टैंक में सफाई करने उतरा मजदूर बेहोश हो गया। इसके बाद साथियों ने उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने टेनरी मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाकर थाने में हंगामा किया। जाजमऊ के सरैया स्थित जीनत टेनरी में बुधवार सुबह चकेरी के काजीखेड़ा निवासी सुरेश (50) अपने साथी शिवकटरा निवासी संजय और एक अन्य साथी के साथ ठेके पर टैंक साफ करने गया था। इस टैंक में टेनरी वेस्ट भरा था, जिसकी जहरीली गैस की चपेट में आ गया। उसे साथियों ने किसी तरह बाहर निकाला। फिर टेनरी कर्मियों के साथ उसे जाजमऊ स्थित नासिर हॉस्पिटल ले जाया गया। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के परिवार में पत्नी लक्ष्मी और बेटा निखिल, लकी और बेटी रिया है। बेटी की शादी हो चुकी है। मृतक के परिवार वालों का आरोप है कि फैक्ट्री मालिक और कर्मचारियों की लापरवाही से सुरेश की मौत हुई है।

## गोंडा में नाबालिग के साथ रेप

गोंडा। गोंडा में नाबालिग हिंदू लड़की के साथ गांव के ही बगल के रहने वाले 17 वर्षीय मुस्लिम लड़के ने झाड़ी में ले जाकर रेप किया है। पीड़ित नाबालिग लड़की अपने घर पहुंचकर अपने परिजनों आपबीती बताते हुए घटना के बारे में पूरी जानकारी दी। 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के आपबीती बताने पर नाबालिग लड़की के पिता द्वारा कौड़िया थाने में आरोपी नाबालिग के खिलाफ रेप पॉक्सो एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। कौड़िया थाने की पुलिस द्वारा आरोपी नाबालिग लड़के को गिरफ्तार कर पीड़ित नाबालिग लड़की का महिला थाने में धारा- 161 के तहत और न्यायालय में धारा- 164 का बयान कराकर जिला महिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया है। कौड़िया थाने की पुलिस द्वारा आगे की जांच में की जा रही है। कौड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग लड़की अपनी 16 वर्षीय बहन के साथ कल घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित एक झाड़ी के पास शौच के लिए गई हुई थी।

## गंगा नदी में उतराया मिला किशोर का शव

कासगंज। कासगंज में दो दिन पहले गंगा नदी में डूबे किशोर का शव बुधवार को उतराया मिला। किशोर के शव की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोर के शव को गोताखोर की मदद से गंगा नदी से बाहर निकलवाया और पंचनामा भरकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। कोतवाली सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के समसपुर गंगाघाट की है। म्युनी गांव का रहने वाला 14 वर्षीय जयकिशन पुत्र चंद्रपाल 25 मार्च को होली के दिन गंगा में नहाने गया था।नहाते समय वह गंगा में डूबकर लापता हो गया था। जिसकी गंगा में डूबने के बाद गोताखोर की मदद से काफी खोजबीन की गई, लेकिन किशोर का शव गंगा से बरामद नहीं हो सका था। आज जयकिशन का शव गंगा नदी में उतराया मिला। गोताखोरों की मदद से उसके शव को गंगा से बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम को भेजा गया है। जयकिशन का शव मिलने के बाद उसके घर में मातम का माहौल छाया हुआ है। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 4 पशु व्यापारी से 25.34 लाख बरामद

हापुड़। हापुड़ से अमरोहा की तरफ मिनी ट्रक में सवार होकर जा रहे 4 पशु व्यापारियों से पुलिस ने चेकिंग के दौरान 25 लाख 34 हजार रुपए की नगदी बरामद की है। फिलहाल पुलिस और संबंधित विभाग के अफसर जांच पड़ताल में जुटे है। चुनाव के मद्देनजर बुधवार को ब्रजघाट टोल प्लाजा पर पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक कैंटर पुलिस को आता दिखाई दिया। जिसको पुलिस ने रोकने का इशारा किया लेकिन वह तेज गति से चलाने लगा। लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। कैंटर में मौजूद दोनों व्यापारियों की तलाशी लिए जाने पर 25 लाख 34 हजार रुपए की नगदी बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में व्यापारी ने अपना नाम आसिफ निवासी मोती कॉलोनी हापुड़ बताया है। जबकि उसके अन्य 3 साथी भी है। पुलिस ने 25 लाख 34 हजार रुपए की नगदी को कब्जे में लेकर फ्लाइंग स्क्वॉयड टीम को सौंप दिया है। सूचना मिलने पर आयकर विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। फिलहाल जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस के अनुसार चारो लोग पशु व्यापारी हैं।

# किसी के लिए फैमिली फर्स्ट, मोदी के लिए नेशन : योगी

### यूपी के मुखिया ने मथुरा से लोकसभा के चुनावी रण का फूंका बिगुल, संवाद कर बताई भाजपा की प्राथमिकताएं

**मथुरा/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनावी समर में दो पक्ष स्पष्ट नजर आ रहे हैं। एक के लिए फैमिली फर्स्ट है तो मोदी के नेतृत्व वाले पक्ष के लिए नेशन फर्स्ट है। एक पक्ष अपने कृत्यों से माफिया राज को प्रश्रय देता है तो मोदी जी का पक्ष कानून के राज को प्रभावी ढंग से लागू करता है। एक पक्ष भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है तो मोदी जी का पक्ष जीरो टालरेंस का पक्षधर है। एक पक्ष तुष्टिकरण, जाति-मत-मजहब के आधार पर समाज को बांटना चाहता है, लेकिन दूसरे पक्ष में मोदी जी के नाम पर सबका साथ, सबका विकास के माध्यम से गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव जरूरतमंदों को देने का भाव दिखाई देता है। एक तरफ फैमिली फर्स्ट की बात करने वाले लोग हैं तो दूसरी तरफ 140 करोड़ लोगों को परिवार मानने वाले मोदी हैं। हमें मोदी के परिवार का हिस्सा बनकर नए भारत का दर्शन करना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार से लोकसभा चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली। उन्होंने मथुरा में पहली जनसभा कर प्रबुद्धजनों से संवाद बनाते हुए सांसद व भाजपा उम्मीदवार हेमामालिनी के पक्ष में वोट देने की अपील की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न विकास योजनाओं को गिनाकर मोदी का मतलब भी बताया।

सीएम ने कहा कि हम सभी ने होली खेले रघुबीरा भजन सुना है, लेकिन



500 वर्ष में पहली बार अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अपने धाम में विराजमान होकर होली के साक्षात दर्शन भी कराए।

मथुरा-वृंदावन की गलियां भी इंतजार कर रही थीं। दुनिया के अंदर मथुरा-वृंदावन, बरसाना, गोकुल, गोवर्धन, नंदगांव, बलदेव में खेली गई होली की चर्चा है। श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बनती है।

#### इसी धरती का जज्बा नई ताकत व नई ऊर्जा प्रदान करने वाला

सीएम ने कहा कि इस धरती का प्रताप व ताकत है कि 2021 में यमुना मैया के तट पर यहां वैष्णव महाकुंभ का आयोजन हुआ था। वृंदावन बिहारी लाल की असीम कृपा हम पर थी, वैष्णव कुंभ जब तक था तब तक कोरोना का पता नहीं, कुंभ के विसर्जन के उपरांत कोरोना आ गया। यहां का जज्बा नई ताकत व नई ऊर्जा प्रदान करने वाला था।

उसी ताकत के बल पर उप्र जैसे बड़े राज्य की आबादी को पीएम मोदी के मार्गदर्शन में कोरोना से बचाव करने में हम सफलता प्राप्त कर सके।

#### हर नागरिक की संतुष्टि ही मोदी का आधार

सीएम योगी ने कहा कि 10 वर्ष में आपने बदलते हुए नए भारत को देखा है।

सीमा सुरक्षित हुई तो इंफ्रास्ट्रक्चर के बड़े-बड़े कार्य भी हुए। हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय, नए संस्थानों का निर्माण व बिना भेदभाव जरूरतमंदों को गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

2014 के पहले जाति, मत, मजहब को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाती थीं। 2014 के बाद सिर्फ सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के अनुरूप बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। हर गरीब, व्यापारी, महिला, नौजवान, किसान को लाभ मिल रहा है। सुरक्षा-सब्सिडी सबको दे रहे हैं।

तुष्टिकरण नहीं, बल्कि मोदी जी ने हर नागरिक की संतुष्टि को आधार बनाया है।

नए भारत में युवा की आजीविका की व्यवस्था, आस्था का सम्मान, पौराणिक विरासत के संरक्षण का कार्य भी हो रहा है। विकास के साथ आम नागरिकों को जोड़ने का कार्य हो रहा है।

बेटी-बहन और व्यापारी को सुरक्षा की गारंटी है। किसान को विकास के अभियान के साथ जोड़ने की गारंटी ही मोदी की गारंटी है।

# कार पलटी, पिता-2 बेटे और साले की मौत

### 100 से ज्यादा रफ्तार, ड्राइवर को झपकी आने से हादसा; इलाज कराने ऋषिकेश जा रहे थे

**बिजनौर।** बिजनौर में बुधवार सुबह तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार सवार सभी 4 की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में पिता, 2 बेटे और साला शामिल हैं। हादसे के समय कार की रफ्तार 100 किमी से ज्यादा बताई जा रही है।

हादसा नजीबाबाद थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-74 पर गुनियापुर गांव के पास हुआ। घटना सुबह करीब 5 बजे की है। हादसे के बाद वहां आस-पड़ोस के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत से कार सवारों को बाहर निकाला। हालांकि, तब तक



सभी की मौत हो चुकी थी।

बताया जा रहा है कि अमरोहा के सिकरेहडा गांव के रहने वाले मेहर सिंह की तबीयत ठीक नहीं थी। उनकी दवा ऋषिकेश एम्स से चल रही थी। मेहर सिंह का बड़ा बेटा प्रवेंद्र रामपुर में सिपाही के पद पर तैनात था। पिता को डॉक्टर को दिखवाना था।

बेटे प्रवेंद ने पिता से कहा कि आप मामा देवेंद्र (50) और भाई रतन सिंह को लेकर बिजनौर आ जाइए। मैं भी रामपुर से छुट्टी लेकर यहीं कार लेकर आ जाऊंगा। बेटे के कहने पर मेहर सिंह साले देवेंद्र और छोटे बेटे रतन सिंह के साथ अमरोहा से ट्रेन से बिजनौर पहुंचे। ये लोग यहां पहुंचे तो प्रवेंद्र भी कार लेकर आ गया और सभी लोग कार से ऋषिकेश के लिए रवाना हो गए। सिपाही प्रवेंद्र रात भर जगा था और कार भी वही चला रहा था। हाईवे पर अचानक उसे झपकी आ गई और कार बेकाबू होकर पलट गई।

इसमें कार सवार सभी लोगों की मौत हो गई। स्कू सिटी संजीव वाजपेई ने बताया, हादसे में चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। 2 बेटे अपने पिता का इलाज कराने के लिए ऋषिकेश एम्स जा रहे थे।

# कंसबध की मटकी फोड़ने वाले पिता पुत्र गिरफ्तार

इटावा। उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के बकेवर इलाके में लाइसेंसी राइफल से हवाई फायरिंग कर कंसबध की मटकी फोड़ने वाले पिता पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बुधवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस सोशल मीडिया पर निगरानी रख रही है।

इस दौरान पुलिस को लाइसेन्सी बन्दूक से फायर करने के सम्बन्ध में वीडियो प्राप्त हुआ और सोशल मीडिया सेल ने तत्काल प्रभारी निरीक्षक थाना बकेवर को प्रकरण के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी गयी जिसके बाद में तत्काल थाना बकेवर पर धारा 153-एए/188 व 5/27/30 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। बकेवर पुलिस ने वीडियो में दिख रहे भगवन्त सिंह एवं राहुल को ग्राम खितौरा से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ के दौरान बताया कि शस्त्र धारक भगवंत सिंह निवासी ग्राम खितौरा थाना बकेवर के यहां भागवत कथा का आयोजन था जिसमें 21 मार्च को कंस वध के समय उनके यहां ऐसी पुरानी परंपरा है कि एक मटकी को टांग कर फायर कर फोड़ते हैं वही किया गया था।

इस मामले में राहुल और उसके पिता भगवन्त सिंह को एक लाइसेन्सी रायफल 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

## औरैया में युवक का शव पेड़ से लटका मिला

औरैया। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के ऐरवाकटरा क्षेत्र में बुधवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में एक खेत में खड़े जामुन के पेड़ से लटका मिला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गांव चिकटा निवासी वीरपाल राठौर का 21 वर्षीय पुत्र सोनू मंगलवार शाम अबीर गुलाल लेकर अपने घर निकला था जिसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने उसे तलाश किया पर पता नहीं चला। बुधवार की सुबह खेतों पर गये लोगों ने गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर विनोद कुमार मिश्रा के खेत में खड़े जामुन के पेड़ की डाली पर चमड़े की बैल्ट के फंदे के सहारे सोनू को लटका देखा। घटना की जानकारी होते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गये। उधर सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने परिजनों व ग्रामीणों की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराते हुए फांसी के फंदे पर लटके शव को पेड़ से नीचे उतारा। इस दौरान फोरेंसिक व फील्ड यूनिट टीम भी मौके पर पहुंच गयी। जिसने मौके से साक्ष्य जुटाए। जिसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी बिधूना अशोक कुमार सिंह ने बताया कि युवक द्वारा फांसी लगाये जाने की जानकारी बुधवार की सुबह फोन पर पुलिस को मिली थी ?। जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौके पर किए गये स्थलीय निरीक्षण से किसी प्रकार के संघर्ष के चिन्ह नहीं मिले हैं। उन्होने बताया कि प्रारम्भिक जानकारी में पता चला कि युवक की पड़ोसी गांव की एक लड़की से गहरी दोस्ती चल रही थी।

# फतेहपुर में यमुना नदी में डूबकर दो किशोरों की मौत

### एक को गंभीर हालत में किया गया रेफर, नानी के घर आए थे, नहाते समय पैर फिसला

फतेहपुर। फतेहपुर में एक युवक और दो किशोर सुबह यमुना नदी में नहाने गए थे। नहाते समय तीनों यमुना नदी में डूब गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद नाविक और गोताखोरों ने तीनों को नदी से बाहर निकालकर नजदीकी सीएचसी में भर्ती कराया। यहां डॉक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया और एक की हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

जिले के गाजीपुर थाना क्षेत्र के देवालन गांव के रहने वाला विवेक यादव (16) पुत्र रमेश यादव, विमल यादव (24) पुत्र शत्रुघ्न यादव और भटपुरवा



गांव के रहने वाले शुभम का 15 वर्षीय पुत्र ईशु अपनी नानी के घर देवालन आए थे। तीनों सुबह करीब 10 बजे के आसपास यमुना नदी में नहाने चले गए।

यमुना नदी नहाते समय ईशु गहरे पानी में डूबने लगा तो एक दूसरे को बचाने में तीनों पानी में डूब गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद नाविक और गोताखोरों ने नदी में छलांग लगा दी। काफी देर बाद तीनों को नदी से बाहर निकालकर नजदीकी सीएचसी गाजीपुर में भर्ती कराया गया।

#### यमुना नदी के किनारे लगी रही भीड़

हादसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ यमुना नदी किनारे लगी रही। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि नहाते समय तीन लोग नदी में डूब गए थे, जिनको गोताखारों ने बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ईशू और विवेक की मौत हो गई, जबकि विमल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# गैंगरेप के बाद नाबालिग को दूसरी मंजिल से फेंका

### चीख सुनकर घर वाले जागे, प्लॉट में कराहती रही; लड़की बोली-मुंह दबाकर ले गए...गंदा काम किया

बदायूं। बदायूं में गैंगरेप के बाद नाबालिग को मकान की दूसरी मंजिल से नीचे फेंकने का मामला सामने आया है। चीखने की आवाज सुन घर वाले पास के खाली प्लॉट में पहुंचे तो लड़की दर्द से कराहती मिली। पीड़िता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीठ और पैर में चोट आई है। घटना मंगलवार देर रात की है।

घर वालों ने बताया, आधी रात को पड़ोस में रहने वाला युवक अपने दो साथियों के साथ लड़की का मुंह दबाकर खाली घर में ले गया। वहां तीनों ने लड़की के साथ गैंगरेप किया। इसके बाद में उसे दो मंजिला मकान से नीचे फेंक दिया। मामले में घर वालों ने



पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है हम पुलिस अधिकारियों से मिलकर इसकी शिकायत करेंगे। वहीं पुलिस का कहना है कि पीड़िता के परिवार वालों से संपर्क किया गया है। उन्हें तहरीर लेकर आने को कहा है, तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखा जाएगा।

#### मुंह दबाकर खाली घर में ले गए

घटना अलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाला एक परिवार दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। होली पर परिवार घर आया है। परिजनों के मुताबिक उनकी 15 साल की बेटी मंगलवार रात एक बजे घर के पास खाली प्लॉट में टॉयलेट के लिए गई थी। इस दौरान वहां इलाके में ही रहने वाला मोनू और उसके दो साथी पहुंचे। लड़की का मुंह दबाकर खाली घर में ले गए।

आरोप है कि वहां तीनों ने उसके साथ गैंगरेप किया। बाद में उसे छत से फेंक दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर घर वालों की नींद खुल गई।

तलाश करते हुए प्लाट में गए तो वहां लड़की दर्द से कराहती पड़ी मिली। परिवार वालों का कहना है कि रात में ही लड़की को लेकर थाने पहुंचे, लेकिन यहां पुलिस ने उनकी नहीं सुनी।

# होली पर 17 करोड़ की गटक गए शराब

आगरा। होली पर आगरा में जमकर शराब पी गई है। 3 दिन में 17 करोड़ की आगरा के लोग शराब पी गए हैं। पिछले सालों के मुकाबले इस साल रिकॉर्ड बिक्री हुई है।

आबकारी विभाग की ओर से जारी आंकड़ों में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। होली के आसपास के तीन दिनों में विदेशी शराब की 1 लाख 66 हजार बोतलें खरीदी गईं।

देशी शराब के 12 लाख छोटे पैक खरीदे गए। बीयर की 4 लाख कैन और बोतलें खरीदी गईं। जिला आबकारी निरीक्षक नीरज द्विवेदी ने बताया, 3 दिन के आंकड़ों के अनुसार 8 करोड़ 33 लाख की विदेशी शराब आगरा में बिकी। यही नहीं, देशी शराब 6 करोड़ की और 3 करोड़ रुपए की बीयर पी गए हैं।

आगरा में नए साल पर भी 16 करोड़ रुपए की शराब आगरावासी पी गए थे। 49 अस्थाई बार लाइसेंस जारी हुए थे। 30 व 31 दिसंबर और एक जनवरी को तीन दिन में एक लाख लीटर से अधिक शराब बिकी थी।

डीएम के निर्देशों पर जनपद में होली वाले दिन यानी 25 मार्च को शाम 5 बजे तक शराब की दुकानें बंद रही थीं। शाम 5 बजे के बाद दुकानें खुली थीं।

## सपाइयों ने कलक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

कन्नौज। कन्नौज में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने ईडी और सीबीआई की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया। कलक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए नेताओं ने धरना दिया। यहां भाजपा सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने के आरोप लगाते हुए ज्ञापन भी सौंपा। सपा नेता और पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुआई में बुधवार को पार्टी नेता और कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां भाजपा सरकार पर ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग के आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। इसके बाद डीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। यहां पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने कहा कि चुनाव के वक्त विपक्षी दलों के नेताओं पर ईडी और सीबीआई कार्रवाई कर रही है। नेताओं को पकड़-पकड़कर जेल भेजा जा रहा है। दबाव बनाकर दूसरे दलों के नेताओं को भाजपा में शामिल करने का काम किया जा रहा। ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या का प्रयास कर रही है।

यही वजह है कि लोकसभा चुनाव से पहले 2 मुख्यमंत्रियों को जेल भिजवा दिया गया। लोकतंत्र की हत्या करने वाली भाजपा सरकार के खिलाफ हम सबको एकजुट होना पड़ेगा। प्रदर्शन कर रहे सपाइयों ने अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

# मऊ में दो अंतरराज्यीय चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### सीओ बोले- दोनों जीजा और साले फिल्म देखने के बहाने चोरी की घटनाओं का देते थे अंजाम

मऊ। मऊ में कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बुधवार को थाना कोतवाली पुलिस ने देवरिया के रहने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों शातिर चोरों का आपस में जीजा और साला का रिश्ता है। यह दोनों फिल्म देखने के बहाने से फिल्म का टिकट कटवा कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। चेकिंग के दौरान पुलिस के पकड़ने पर यह दोनों सिनेमा हॉल का टिकट दिखाकर बच जाते थे। लेकिन थाना कोतवाली पुलिस ने दोनों को




कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से अवैध असलहा और सोने-चांदी के जेवरात के साथ हजारों रुपए बराबर किए गए हैं। पुलिस के द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर इन्होंने और भी जगह पर चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है।

#### शातिराना अंदाज में चोरी की घटना को देते थे अंजाम

सीओ सिटी अंजनी कुमार पांडे ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि देवरिया जिले के रहने वाले यह दोनों चोर बड़े ही शातिराना अंदाज में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। रात में फिल्म का टिकट कटवाकर फिल्म देखने के बहाने रेकी करने का काम किया करते थे। जिस घर में कोई नहीं रहता था और बाहर से ताला बंद रहता था, उसी घर को निशाना बनाते थे। उन्होंने आगे बताया कि यह दोनों उत्तर प्रदेश और बिहार के विभिन्न जिलों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके है। आपस में इन दोनों का जीजा और साले का रिश्ता है और इनका लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास है। अलीशेर के खिलाफ कुल 39 मुकदमे दर्ज हैं और अकबर अली के खिलाफ 8-9 मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज है। इन दोनों के कब्जे से अवैध तमंचा, नकद रुपए और जेवरात बरामद किया गया है।

## शार्ट न्यूज

### अगले पांच वर्षों में कुछ और सुधारों की उम्मीद

नई दिल्ली। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि भारत अगले पांच वर्षों में कुछ और सुधारों को लागू करके वास्तविक रूप से अपनी आर्थिक वृद्धि को मौजूदा 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत के करीब पहुंचा सकता है। पनगढ़िया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को व्यवसायों के लिए अनुकूल स्थान बनाने के लिए पिछले 10 वर्षों में कड़ी मेहनत की है, इसलिए निवेश आ रहा है। एक निजी कार्यक्रम में बोलते हुए अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि आज, अर्थव्यवस्था खुली है। अगले 2-3 दशकों में हम बहुत तेजी से विकास कर सकते हैं। वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो पिछले डेढ़ साल में सबसे तेज है। भारत वर्तमान में वास्तविक रुपये में लगभग 7 प्रतिशत या प्रति वर्ष की दर से बढ़ रहा है। अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि निश्चित रूप से अगले पांच वर्षों में कुछ और सुधारों के साथ, हम वास्तविक रूप से इसे 9 प्रतिशत के करीब पहुंचा सकते हैं, निश्चित रूप से 8-9 प्रतिशत पर और इसे कुछ दशकों तक आसानी से बरकरार रखा जा सकता है। पनगढ़िया ने कहा कि मोदी सरकार के दौरान जीडीपी की गणना के लिए पद्धतिगत बदलाव की सिफारिश यूपीए सरकार द्वारा नियुक्त निकायों द्वारा की गई थी। गौरतलब है कि सुब्रमण्यम ने हाल ही में कहा था कि भारत के नवीनतम जीडीपी आंकड़े बिल्कुल रहस्यमय हैं और उन्हें समझना मुश्किल है।

### रनवे पर दो विमान एक दूसरे के संपर्क में आए

नई दिल्ली। कोलकाता एयरपोर्ट पर बुधवार को एक बड़ा विमान हादसा टल गया, जब रन-वे से गुजरते हुए एक इंडिगो का एक विमान एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान के संपर्क में आ गया। एयर इंडिया एक्सप्रेस का ये विमान कोलकाता से चेन्नई की तरफ जाने के लिए तैयार हो रहा था। इस मामले में विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालयने कार्रवाई करते हुए इंडिगो के पायलटों को रोस्टर से हटाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही नियामक ने इस मामले में एक विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। इंडिगो के प्रवक्ता ने इस हादसे के बारे में बताया कि कोलकाता हवाई अड्डे पर इंडिगो का एक विमान और एक अन्य विमान के साथ मामूली रूप से संपर्क में आ गया। प्रोटोकॉल के अनुसार, विमान निरीक्षण और आवश्यक कार्रवाई के लिए बे में लौट आया। इसके चलते इंडिगो की कोलकाता और दरभंगा के बीच उड़ान संख्या 6ई 6152 में देरी हो गई। इंडिगो के अनुसार सभी यात्रियों को जलपान उपलब्ध कराया गया है और यात्रियों को होने वाले विलंब और असुविधा को कम करने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई है। इंडिगो यात्री सुरक्षा को सबसे ऊपर प्राथमिकता देता है। प्रोटोकॉल के तहत घटना की रिपोर्ट डीजीसीए को सौंपी जाएगी।

### चीन ने श्रीलंका को मदद का दिया आश्वासन

नई दिल्ली। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने श्रीलंका के अपने समकक्ष दिनेश गुणवर्धने को कोलंबो की ऋण पुनर्गठन प्रक्रिया में बीजिंग के समर्थन का आश्वासन दिया है। श्रीलंका के प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि गुणवर्धने ने चीन के आधिकारिक दौरे पर मंगलवार को बीजिंग में ली से मुलाकात की। दोनों प्रधानमंत्रियों की मौजूदगी में चीन और श्रीलंका के बीच नौ नए समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। जब श्रीलंका ने 2022 में अपने सॉवरेन डिफॉल्ट की घोषणा की थी उस समय तक चीन श्रीलंका का सबसे बड़ा द्विपक्षीय ऋणदाता था। उसके पास 40 बिलियन अमरीकी डॉलर के बाहरी ऋण का 52 प्रतिशत हिस्सा है। चीन का यह आश्वासन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के उस बयान के कुछ दिन बाद आया है जिसमें उसने कहा था कि देश के वाणिज्यिक लेनदारों, अंतरराष्ट्रीय बांड धारकों और चाइना डेलवलपमेंट के साथ समझौता करना ऋण स्थिरता हासिल करने की कुंजी है। समाचार पोर्टल NewsFirst.lk के अनुसार उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता के दौरान, चीनी प्रधानमंत्री ने आर्थिक मंदी के दौर के बाद श्रीलंका की आर्थिक प्रगति की प्रशंसा की और कहा कि उनका देश कटुनायके अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, हंबनटोटा बंदरगाह और कोलंबो पोर्ट सिटी के विकास के लिए भी सहायता प्रदान करेगा।

### स्टेनली ने भारत की जीडीपी के पूर्वानुमान को बदला

नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल के बाद, मॉर्गन स्टेनली ने भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारत के जीडीपी विकास पूर्वानुमान को संशोधित कर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। यह कंपनी के पिछले पूर्वानुमान 6.5 प्रतिशत से अधिक है। फर्म ने चालू वित्त वर्ष FY24 के लिए विकास दर के पूर्वानुमान को संशोधित कर 7.9 प्रतिशत कर दिया है। एजेंसी का यह संशोधित अनुमान भारत की आर्थिक स्थिति पर एक आशावादी दृष्टिकोण के मद्देनजर सामने आया है। मॉर्गन स्टेनली ने देश की ताकत और स्थिरता पर अपना भरोसा जताया है। मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि का दृष्टिकोण मजबूत बना हुआ है। उम्मीद है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में विकास दर लगभग 7 प्रतिशत रहेगी। एजेंसी के रुझानों के अनुसार हेडलाइन मुद्रास्फीति में नरमी के संकेत मिल रहे हैं। खाद्य मुद्रास्फीति जिसकी सीपीआई बास्केट में महत्वपूर्ण भागीदारी है में कमी आई है। ऐसा आपूर्ति-पक्ष के झटकों से राहत मिलने के कारण है। सकारात्मक आर्थिक परिदृश्य के बावजूद मॉर्गन स्टैनली ने वैश्विक कारकों और घरेलू अनिश्चितताओं से उत्पन्न संभावित जोखिमों को भी रेखांकित किया है। उम्मीद से धीमी वैश्विक वृद्धि, जिंसों की ऊंची कीमतें और सख्त वैश्विक वित्तीय हालात भारत की वृद्धि और वृहद आर्थिक स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर रहे हैं।

### 2047 तक विकसित भारत का सपना होगा साकार, सीतारमण ने बताया क्यों है उन्हें भरोसा

भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यानी बुधवार को भरोसा जताया कि साल 2047 तक भारत विकसित देश बन जाएगा। बिज़नेस स्टैंडर्ड की 50वीं वर्षगांठ पर BS Manthan कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा, 'आप 2047 तक अर्थव्यवस्था को एक बड़े कैनवास में देखने के लिए बहुत अच्छी तरह से तैयार होंगे, जिसे साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार प्रयास कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में हर भारतीय का योगदान तय हो। निर्मला सीतारमण ने कहा कि विकसित भारत बनाने का सपना केवल पीएम मोदी का सपना नहीं है बल्कि, इस मुकाम को सभी भारतीय हासिल करना चाहते हैं। यह सभी युवाओं का सपना है। यह एक ऐसा लक्ष्य है जो अगले 25 सालों तक बेहतर अर्थव्यवस्था की उम्मीद बरकरार रखेगा। BS Manthan कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने '2047 तक विकसित भारत- रोडमैप' विषय पर मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि भारत इस महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य को किस प्रकार हासिल कर सकता है।

### शिक्षा और वर्कफोर्स के लिए बेहतर ट्रेनिंग से भारत बन सकेगा विकसित अर्थव्यवस्था

केंद्र सरकार की तरफ से जहां एक तरफ भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने का दावा किया जा रहा है तो वहीं कई एजेंसियों का यह अनुमान है कि देश अगले 5 सालों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ऐसे में दुनिया के जाने-माने अर्थशास्त्री रोहित लांबा ने आज यानी बुधवार को बिज़नेस स्टैंडर्ड के साथ बातचीत में कहा कि भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनने के लिए अपनी शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों को मजबूत करना होगा जिसके लिए ऐसे विकास की जरूरत है जो टिकाऊ हो और के-आकार का न हो। लांबा ने कहा, 'अगर हम के-आकार की अर्थव्यवस्था पर ध्यान नहीं देते हैं, अगर ज्यादा लोग आर्थिक विकास में भाग नहीं लेते हैं, तो यह टिकाऊ नहीं होगी।' बता दें कि द्म-आकार की अर्थव्यवस्था में कुछ सेक्टर्स तो तेजी से बढ़ते हैं, तो वहीं कुछ सेक्टर्स की ग्रोथ में ज्यादा गिरावट आ जाती है। जिसके चलते सभी क्षेत्रों का समावेशी विकास संभव नहीं हो पाता। बिज़नेस स्टैंडर्ड की 50वीं सालगिरह पर आयोजित कार्यक्रम बीएस मंथनमें बातचीत करते हुए रोहित लांबा ने कहा, 'हमें बस अपनी बुनियादी आवश्यकता यानी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा को सही करने की जरूरत है।

# महिलाओं के लिए रोजगार पर मिले सब्सिडी : फिक्की एफएलओ

नयी दिल्ली। महिला उद्योग निकाय फिक्की एफएलओ ने भारत की देखभाल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए व्यापक सुधारों का आह्वान किया है, जिससे 1.1 कारोड़ से अधिक नौकरियां पैदा हो सकती हैं, जिनमें से 70 प्रतिशत महिलाओं को मिलेंगी और एक नए आर्थिक क्षेत्र को अनलॉक किया जाएगा।

फिक्की एफएलओ के चार दशक पूरे होने के अवसर पर आज यहां जारी एक रिपोर्ट में, फिक्की ने कहा कि घरों और अर्थव्यवस्थाओं को चलाने के लिए अवैतनिक काम महत्वपूर्ण है, फिर भी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और आर्थिक विकास के अनुमानों में यह ज्यादातर अदृश्य और बेहिसाब रहता है।

फिक्की एफएलओ की अध्यक्ष सुधा शिवकुमार ने कहा, मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा किए जाने वाले देखभाल कार्य के कम मूल्यांकन और अदृश्यता के कारण बाजार विफल हो गया है, जहां कुशल और प्रतिभाशाली महिलाएं अपनी आर्थिक क्षमता का एहसास करने में असमर्थ हैं, जिससे व्यापक आर्थिक स्तर पर संसाधनों का गलत आवंटन हो रहा है।

रिपोर्ट में, महिलाओं के शीर्ष उद्योग निकाय ने कहा कि देखभाल अर्थव्यवस्था में निवेश बढ़ाने से न केवल महिलाओं की श्रम बल भागीदारी में लैंगिक अंतर को पाटने की क्षमता है, बल्कि एक नए आर्थिक खंड को भी खोलने की क्षमता है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार देखभाल सेवा क्षेत्र में बढ़ते निवेश से 2030 तक वैश्विक स्तर पर 47.5 करोड़ नौकरियां पैदा करने की क्षमता है।

फिक्की एफएलओ की रिपोर्ट के अनुसार विशेष रूप से भारत के लिए, सकल घरेलू उत्पाद के 2प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश संभावित रूप से 1.1 करोड़ नौकरियां पैदा कर सकता है, जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत महिलाओं को जाएगा।

फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री लेडीज ऑर्गनाइजेशन ने निकोर एसोसिएट्स (एक युवा नेतृत्व वाला थिंक टैंक) के साथ साझेदारी में, इससे पहले दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु और मुंबई में देखभाल अर्थव्यवस्था पर चार गोलमेज सम्मेलन आयोजित किए थे।

फिक्की एफएलओ ने भारत की देखभाल अर्थव्यवस्था की फिर से कल्पना करने का आह्वान किया और सार्वजनिक और निजी निवेश दोनों पर जोर दिया।

रोडमैप में पांच प्रमुख क्षेत्र अवकाश नीतियां, देखभाल सेवा सब्सिडी, देखभाल बुनियादी ढांचे में निवेश, देखभाल श्रमिकों के लिए कौशल प्रशिक्षण और गुणवत्ता आश्वासन तंत्र शामिल है।

FICCI
Federation of Indian Chambers of Commerce and Industry

# शक्कर में मांग, खाद्य तेलों में गिरावट, दलहन मिश्रित रंगत, दाल- चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग रही। खाद्य तेलों में गिरावट दर्ज की गई। मूंगफली तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड महंगा होकर बिका। तिलहन में उठाव रहा। दलहन में मिश्रित रंगत रही। दाल तथा चावल में लिवाली साधारण बताई गई।

### किराना बाजार

सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी से भाव मजबूत रहे। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला लिवाली से ऊंचा रहा। साबूदाना, खोपरा बूरा में मांग साधारण रही। हल्दी में काउंटर सेल बताई गई।

### तेल-तिलहन

खाद्य तेलों में नरमी रही। आज मूंगफली तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड में जोरदार गिरावट दर्ज की गई। तिलहनों में कामकाज साधारण बताया गया।

### दाल-दलहन

दलहनों में मिश्रित रंगत दर्ज की गई। आज चना कांटा तथा मसूर महंगी बिकी। दालों में उठाव बताया गया। इस बीच चावल में पूछपरख रही।

### किराना

शक्कर 3800 से 3820 रुपये प्रति क्विंटल।

खोपरा गोला 110 से 140 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2450 से 4450 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 220 से 300 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6000 से 6700, पैकिंग में 7000 से 7100 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 5900 से 6000, सोयाबीन 4400 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल इंदौर 1440 से 1460, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 935 से 940, साल्वेंट 890 से 900, पाम तेल 980 से 985 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 5750 से 5800, चना विशाल 5400 से 5500, मसूर 5950 से 5975, तुअर निमाड़ी 8700 से 9700, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 10300 से 10400, तुअर (कर्नाटक) 10400 से 10600, मूंग 9000 से 10000, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8800 से 9200, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 7600 से 8100, तुअर दाल सवा नंबर 13100 से 13200, तुअर दाल फूल 13900 से 14000, तुअर दाल बोल्ड 14900 से 15000, आयातित तुअर दाल 12100 से 12200, मसूर दाल 7150 से 7450, मूंग दाल 10500 से 10800, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 10700 से 11000, उड़द मोगर 11300 से 11600 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000, दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, मोगरा 4500 से 7000, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1680, मैदा 1600, आटा 1570, चना बेसन 3950 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# खाद्य तेलों में टिकाव; अरहर दाल महंगी

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 69 रिंगिट गिरकर 4263 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.68 सेंट की गिरावट के साथ 47.74 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल में 200 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

दाल-दलहन : चना 5800-5900, दाल चना 6800-6900, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 10100-10200, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल : 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4000-4100, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# हिताची कूलिंग एण्ड हीटिंग ने पेश किए नए एसी

नयी दिल्ली। प्रीमियम एयर-कंडीशनर ब्राण्ड 'हिताची कूलिंग एण्ड हीटिंग' ने एयरकंडीशनर नई रेंज पेश करने की घोषणा की है।

जापानी डिज़ाइन एवं इनोवेशन से प्रेरित जॉनसन कंट्रोल्स-हिताची एयर कंडीशनिंग इंडिया लिमिटेड ने आज यहां जारी बयान में कहा कि रेंज के साथ हिताची ने पीक सीज़न में तेज़ी से विकास का लक्ष्य रखा है। मॉडल, क्षमता और फीचर्स के आधार पर एयर कंडीशनर किफायती है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक संजय सुधाकरण ने कहा, ''जॉनसन कंट्रोल्स-हिताची एयर कंडीशनिंग इंडिया लिमिटेड में हम इनोवेशन की सभी सीमाओं को पार कर उपभोक्ताओं को कूलिंग का शानदार अनुभव प्रदान करते हैं। भव्य डिज़ाइन और आधुनिक टेक्नोलॉजी से बनी हमारे प्रोडक्ट्स की नई रेंज आराम, दक्षता एवं विश्वसनीयता के नए मानक स्थापित करती है।

हर निर्माण के साथ हम जापानी कारीगरी, तकनीकी दक्षता, बेहतरीन लुक के धागों को बुनकर न सिर्फ एयर कंडीशनिंग के समाधान लेकर आते हैं बल्कि आधुनिक उपभोक्ताओं को बेजोड़ अनुभव भी प्रदान करते हैं।''

उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित एयर होम सीरीज़ के साथ कंपनी ऐसे आधुनिक फीचर्स लेकर आई है जो एयर कंडीशनिंग के मानकों को नया आयाम देते हैं।

फ्रीज़-मेल्ट-ड्राय तकनीक के साथ धूल, मोल्ड, वायरस और बैक्टीरिया को दूर भगाने से लेकर फ्रॉस्ट वॉश टेक्नोलॉजी से पावर्ड आईस क्लीन फीचर के द्वारा साफ हवा के सर्कुलेशन तक, ये एयर कंडीशनर आराम के साथ-साथ स्वास्थ्य को भी महत्व देते हैं। यह सिस्टम न सिर्फ हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है बल्कि एयर कंडीशनर की लाईफ भी बढ़ाता है।

इसका ड्यूअल पैनल लुक, ड्यूअल सरफेस फिनिश, ड्यूअल प्लेटिनम और ड्यूअल गोल्ड कलर टोन, लम्बा चलने वाला स्टार व्हाईट कलर, कर्व डिज़ाइन और आइकोनिक वेव डिज़ाइन लिविंग स्पेस के इंटीरियर को आकर्षक बना देते हैं। यूवी पेंट सुनिश्चित करता है कि खूबसूरत व्हाईट कलर, वाइब्रेन्ट बना रहे और आपके इंटीरियर स्पेस के लुक में चार-चांद लगाता रहे।

# रिलायंस ने दी बाजार को ऊंची उड़ान

**मुंबई।** विश्व बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में चालू खाता घाटा कम होने से रिलायंस, मारुति, एचडीएफसी बैंक, एलटी, एनटीपीसी और टाटा स्टील समेत अठारह दिग्गज कंपनियों में करीब चार प्रतिशत की तेजी से आज शेयर बाजार ने उड़ान भरी।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 526.01 अंक अर्थात 0.73 प्रतिशत की छलांग लगाकर 72,996.31 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 118.95 अंक यानी 0.54 प्रतिशत उछलकर 22,123.65 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.01 प्रतिशत बढ़कर 39,079.54 अंक और स्मॉलकैप 0.70 प्रतिशत मजबूत होकर 43,026.00 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3949 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1524 में लिवाली जबकि 2314 में बिकवाली हुई वहीं 111 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 22 कंपनियां हरे जबकि 27 लाल निशान पर बंद हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

भारत के चालू खाते का घाटा वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 10.5 अरब डॉलर रहा, जो पिछली तिमाही के 11.4 अरब डॉलर और 2022-23 की तीसरी तिमाही के 16.8 अरब डॉलर से कम है।

इससे बाजार को बल मिला और बीएसई के 14 समूह चढ़ गए। इस दौरान सीडी 0.53, ऊर्जा 0.66, वित्तीय सेवाएं 0.32, हेल्थकेयर 0.24, इंडस्ट्रियल्स 0.97, दूरसंचार 0.45, ऑटो 0.66, बैंकिंग 0.46, कैपिटल गुड्स 1.00, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.98, तेल एवं गैस 0.07, पावर 0.67, रियल्टी 0.93 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.01 प्रतिशत मजबूत रहे।

विश्लेषकों के अनुसार, बाजार में अभी कुछ दिनों तक सुदृढीकरण मोड जारी रहने की संभावना है और फिर अप्रैल से बाजार के एक नया दिशात्मक रुख अपनाने की उम्मीद है। मजबूत आर्थिक बुनियादों के समर्थन से बाजार का रुख तेजी का बना हुआ है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा।

इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.30, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.98, हांगकांग का हैंगसेंग 1.36 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.26 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.24, जापान के निक्केई में 0.90 प्रतिशत की बढ़त रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 222 अंक की तेजी के साथ 72,692.16 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 72,600.73 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली के दम पर दोपहर बाद यह 73,138.73 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 72,470.30 अंक के मुकाबले 0.73 प्रतिशत की उड़ान भरकर 72,996.31 अंक हो गया।

निफ्टी 49 अंक बढ़कर 22,053.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,052.85 अंक के निचले जबकि 22,193.60 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,004.70 अंक की तुलना में 0.54 प्रतिशत मजबूत होकर 22,123.65 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में रिलायंस 3.60, मारुति 2.40, बजाज फाइनेंस 1.63, टाइटन 1.52, कोटक बैंक 1.14, इंडसइंड बैंक 1.03, एलटी 0.99, एचडीएफसी बैंक 0.97, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.89, एक्सिस बैंक 0.89, एशियन पेंट 0.71, भारती एयरटेल 0.63, अल्ट्रासिमको 0.53, सन फार्मा 0.45, एनटीपीसी 0.44, टाटा स्टील 0.36, आईटीसी 0.13 और पावरग्रिड 0.06 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, विप्रो 1.57, एचसीएल टेक 1.02, टीसीएस 1.02, एसबीआई 0.81, नेस्ले इंडिया 0.79, बजाज फिनसर्व 0.76, टाटा मोटर्स 0.74, इंफोसिस 0.56, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.18, टेक महिंद्रा 0.06 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 0.03 प्रतिशत कमजोर रहे।

# इंडिगो अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मार्गों पर अपनी सेवाएं दोगुनी करेगी

नई दिल्ली। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा है कि उनका लक्ष्य नए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों के साथ 2030 तक कंपनी की सेवाओं का आकार दोगुना करना है।




घरेलू बाजार में 60 फीसदी से कुछ अधिक हिस्सेदारी के साथ भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन ए321 एक्सएलआर विमान खरीदने पर भी बड़ा दांव लगा रही है। यह विमान 2025 में कंपनी के बेड़े का हिस्सा बन सकती है।

एल्बर्स ने वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति को मजबूत करने और उसका विस्तार करने की कोशिश करते हुए पीटीआई भाषा से साक्षात्कार में कहा कि इंडिगो के लिए अगली बड़ी छलांग दशक के अंत तक अपने आकार को दोगुना करने की होगी। अप्रैल 2024 से शुरू होने वाले अगले वित्तीय वर्ष के लिए, इंडिगो प्रमुख ने कहा कि सीट क्षमता को दोहरे अंक में ले जाना है और हर हफ्ते एक विमान आ रहा है। आपूर्ति शृंखला के साथ-साथ प्रैट एंड व्हिटनी इंजन संकट के बीच, एल्बर्स ने यह भी जोर दिया कि एयरलाइन बहुत सारे उपाय कर रही है जो कि कारगर साबित हो रहे हैं। 17 साल पुराना इंडिगो एयरलाइन 88 घरेलू और 33 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान भरता है।

इसके पास 360 से अधिक विमानों का बेड़ा है। वर्तमान में, इंडिगो के पास तुर्की एयरवेज, ब्रिटिश एयरवेज, कतर एयरवेज, अमेरिकन एयरलाइन, केएलएम-एयरफ्रांस, क्वांटास, जेटस्टार और वर्जिन अटलांटिक के साथ कोडशेयर हैं। कोडशेयरिंग एक एयरलाइन को अपने यात्रियों को अपने साझेदार एयरलाइनों पर बुक करने और विभिन्न गंतव्यों के लिए सहज यात्रा सुविधा प्रदान करने की अनुमति देता है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.81 प्रतिशत लुढ़ककर 80.96 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.77 प्रतिशत की गिरावट लेकर 85.59 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# सेल्सफोर्स और एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक की साझेदारी

मुंबई। सीआरएम समाधान प्रदाता सेल्सफोर्स ने एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक (एयू एसएफबी) के साथ गठबंधन की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि गठबंधन का उद्देश्य बैंक के वाहन लोन के ग्राहकों के लिए एडवांस्ड डिजिटल कस्टमर ऑनबोर्डिंग सॉल्यूशन का क्रियान्वयन करना है। इस साझेदारी से टेक्नोलॉजी अपनाने की एयू एसएफबी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है, ताकि ग्राहक के साथ जुड़ाव बढ़ाकर ऑपरेशनल एफिशियंसी में सुधार लाया जा सके।

इस सहयोग के साथ बैंक अपने ग्राहकों द्वारा क्रेडिट एवं ऑपरेशंस का पूरा सफर एक ही प्लेटफॉर्म पर ले आएगा। इससे वो टर्नअराउंड टाईम (टीएटी) में तेजी ला सकेंगे, और विभिन्न डिजिटल चैनलों पर ग्राहक प्राप्त कर सकेंगे। बैंक द्वारा सेल्सफोर्स की मदद से अपने मौजूदा एपीआई स्टैक का उपयोग किया जाएगा, और मैन्युअल डेटा एंट्री कम करके डेटा वैलिडेशन की प्रक्रिया को व्यवस्थित किया जाएगा। सेल्सफोर्स की टीम के सहयोग से एयू एसएफबी का उद्देश्य एडवांस्ड रिपोर्टिंग क्षमताओं के इंटीग्रेशन द्वारा ऑपरेशनल एफिशियंसी बढ़ाना है। इसमें क्रेडिट निर्णयों को अंडरराईट करने, डेटा और दस्तावेजों की पुष्टि करने, और यूज़र्स को हाथों-हाथ डैशबोर्ड प्रदान करने के लिए प्रक्रियाओं को व्यवस्थित करना शामिल है, ताकि पेपरलैस वर्कफ्लो में सुगम परिवर्तन संभव हो सके। इस सहयोग द्वारा नए फीचर्स एवं पॉलिसीज़ पेश की जाएंगी और चुनौतियों पर विजय प्राप्त की जाएगी।

नई दिल्ली
गुरुवार 28 मार्च 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### अमेरिका के ज्यादातर मतदाता बाइडन को मानते हैं एक कमजोर सैन्य नेता

वाशिंगटन। अमेरिका में अधिकांश संभावित मतदाता राष्ट्रपति जो बाइडेन को हाल के अन्य राष्ट्रपतियों की तुलना में अमेरिकी सेना के एक कमजोर कमांडर और प्रमुख मानते हैं। अट्ठारह से 20 मार्च के बीच कराए गए रासमुसेन रिपोर्ट्स पोल में यह खुलासा हुआ है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि श्री बाइडेन हाल के अमेरिकी राष्ट्रपतियों की तुलना में कमजोर सैन्य कमांडर हैं। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि एक-चौथाई से भी कम यानी 24 फीसदी उत्तरदाताओंका मानना है कि श्री बाइडेन हाल के अन्य राष्ट्रपतियों की तुलना में एक मजबूत सैन्य नेता हैं, जबकि 20 प्रतिशत श्री बाइडेन को अन्य राष्ट्रपतियों की तरह ही मानते हैं। पोल रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल 2022 के बाद से आंकड़ों में केवल थोड़ा बदलाव आया है। यह सर्वेक्षण यूक्रेन और इज़रायल में संघर्षों के साथ-साथ लाल सागर में एक सैन्य अभियान में अमेरिका की भागीदारी के बीच आया है। सर्वेक्षण में 1,114 संभावित अमेरिकी मतदाताओं का सर्वेक्षण किया गया और 95 फीसदी विश्वास स्तर के साथ प्लस-या-माइनस तीन प्रतिशत अंक की त्रुटि का मार्जिन बनाए रखा गया है।

### इवानिसेविच से अलग हुए टेनिस खिलाड़ी नोवाक

नई दिल्ली। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच अपने कोच गोरान इवानिसेविच से अलग हो गए हैं। 2018 में कोच गोरान से जुड़ने के बाद नोवाक ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किए थे। कोच से अलग होने की जानकारी नोवाक ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से दी। बुधवार को इंस्टाग्राम पर प्रकाशित एक पोस्ट में, जोकोविच ने कहा कि उन्होंने कुछ दिन पहले इवानिसेविक के साथ काम करना बंद कर दिया था। उन्होंने लिखा, कोर्ट पर हमारी केमिस्ट्री में उतार-चढ़ाव आए, लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा मजबूत रही। इवानिसेविच की मदद से जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत जिसके बाद उनके नाम 24 खिताब दर्ज हो गए हैं। हालांकि, वह अभी तक 2024 में कोई खिताब नहीं जीत पाए हैं, जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में और इस महीने इंडियन वेल्स में तीसरे दौर में हार गए थे। जोकोविच अब क्ले-कोर्ट सीजन की तैयारियों में जुटे हैं। इवानिसेविच ने 2001 में वाइल्ड-कार्ड प्रविष्टि के रूप में विंबलडन जीता था।

### हरियाणा सब जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी में दोनों वर्गों में बना चैंपियन, कुल मिलाकर 19 पदक जीते

ग्रेटर नोएडा। हरियाणा यहां मुक्केबाजी सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में लड़कों और लड़कियों दोनों में टीम खिताब के साथ कुल 19 पदक जीतकर चैंपियन बना। लड़कियों के वर्ग के मौजूदा चैंपियन हरियाणा ने 64 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर रहकर अपने खिताब का बचाव किया। उसने सात स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। हरियाणा की सात में से छह मुक्केबाजों ने आसानी से 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। दिया (61 किग्रा) ने दिल्ली की यशिका को 5-0 से हराया और 'सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज' चुनी गईं। उनके अलावा बालिका वर्ग में उसके लिए भूमि (35 किग्रा), निश्चल शर्मा (37 किग्रा), राखी (43 किग्रा), नैतिक (52 किग्रा), नव्या (55 किग्रा) और सुखरीत (64 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। दिल्ली 34 अंक से दूसरे और महाराष्ट्र 31 अंक से तीसरे स्थान पर रहा। दिल्ली ने एक स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जबकि महाराष्ट्र ने एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते। अरुणाचल प्रदेश की कांस्य पदक विजेता हिलांग (37 किग्रा) बालिका वर्ग में सबसे होनहार मुक्केबाज का पुरस्कार जीतने में सफल रहीं। लड़कों के वर्ग में हरियाणा ने छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य से कुल नौ पदक जीते जिससे वह 62 अंक लेकर पहले स्थान पर रहा।


### बोपन्ना और एबडेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

मियामी (अमेरिका)। इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन का पुरुष युगल खिताब जीतने वाली जोड़ी रोहन बोपन्ना और मैथ्यु एबडेन ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। शीर्ष वरीय 43 वर्षीय बोपन्ना और एबडेन ने दूसरे दौर के पुरुष युगल मुकाबले में मोनाको के ह्यूगो निस और पोलैंड के जान जिलिंस्की को कड़े संघर्ष में 7-5, 7-6 (3) से पराजित किया। यह मुकाबला एक घंटा 39 मिनट चला। एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के अंतिम-8 में बोपन्ना और एबडेन ऑस्ट्रेलिया के जान पैट्रिक और नीदरलैंड के सेम वरबीक से भिड़ेंगे। भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने चार एस लगाए और 84 प्रतिशत अंक पहली सर्विस पर जीते। दोनों ने पहले सेट के 11वें गेम में निस-जिलिंस्की की सर्विस तोड़ी। इसके बाद दो ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए 7-5 से सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में निस-जिलिंस्की के डबल फॉल्ट की बदौलत बोपन्ना-एबडेन को जीत मिली। पहले दौर में बोपन्ना-एबडेन ने इटली के साइमन बोलेली और वावासोरी को 4-6, 7-6 (4), 10-4 से हराया था। इस टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबलों में दो बड़े उलटफेर हुए। शीर्ष वरीय पोलैंड की इगा स्वियातेक और तीसरी वरीय कोको गॉफ को पराजय मिली।

### सुनील छेत्री ने अपने 150वें मैच में दागा गोल

गुवाहाटी। भारत को फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। मंगलवार को गुवाहाटी में खेले गए मैच में अफगानिस्तान की टीम ने 2-1 से जीत हासिल की। टीम इंडिया की हार के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। फैंस भारत के अपने घर में ही हार से निराश हैं। खास बात यह है कि यह भारतीय कप्तान सुनील छेत्री का 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच था और उन्होंने इस खास मुकाबले में एक गोल भी किया, लेकिन इसके बावजूद टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। इस हार से टीम इंडिया के फीफा विश्व कप क्वालिफायर के तीसरे राउंड में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा है। भारत ने मैच की शुरुआत शानदार अंदाज में की थी। अपना 150वां मैच खेल रहे छेत्री ने 38वें मिनट पर पेनल्टी किक पर टीम इंडिया को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। पहले हाफ तक भारतीय टीम की बढ़त जारी रही। हालांकि, दूसरे हाफ में भारत को निराशा हाथ लगी। 70वें मिनट में रहमत अकबरी के शॉट पर गेंद भारतीय डिफेंडर से डिफ्लेक्ट होकर गोलकीपर गुरमीत सिंह को छकाते हुए गोलपोस्ट में घुस गई। अफगानिस्तान ने स्कोर 1-1 से बराबर किया। इसके बाद 88वें मिनट में अफगानिस्तान को पेनल्टी मिला, जिस पर शरीफ मुखाम्मद ने गोल दाग अपनी टीम को 2-1 से जीत दिलाई।

### चीन ने भारी बारिश को लेकर ब्लू अलर्ट जारी



बीजिंग। चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को आंधी-तूफान के लिए ब्लू अलर्ट जारी किया और देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका जतायी। केंद्र ने कहा कि बुधवार को अपराह्न 02 बजे से गुरुवार को अपराह्न 02 बजे तक गुइझोउ, गुआंग्शी, हुनान, हुबेई, जियांग्शी, अनहुई और झेजियांग के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम केंद्र के अनुसार कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है और अधिकतम वर्षा 120 मिलीमीटर तक पहुंच सकती है। स्कूलों और किंडरगार्टन को छात्रों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है और संभावित सड़क जल जमाव तथा यातायात भीड़ के कारण चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। उल्लेखनीय है कि चीन में चार स्तरीय, रंग-कोडित मौसम चेतावनी प्रणाली है, जिसमें लाल सबसे गंभीर चेतावनी का प्रतिनिधित्व करता है। उसके बाद नारंगी, पीला और नीला होता है।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने बंगलादेश को आठ विकेट से हराया




मीरपुर। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान अलिसा हीली के 33 रन और एलिस पेरी की नाबाद 27 रनों की पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को आठ विकेट से हराया दिया है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन स्विप करते हुए सीरीज 3-0 से जीत ली है। आज यहां शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में 89 रनों के छोटे लक्ष्य के लिए कप्तान अलिसा हीली और फीबी लिचफील्ड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 43 रन जोड़े। हीली ने 34 गेंदों में 33 रन बनाये। उन्हें राबेया ने पगबाधा आउट किया। लिचफील्ड 12 रन बनाकर आउट हुई। उन्हें सुल्ताना ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद एलिस पेरी ने नाबाद 27 रन और बेथ मूनी नाबाद 21 रनों की पारी खेली।

ऑस्ट्रेलिया ने 18.3 ओवर में दो विकेट पर 93 रन बनाकर आठ विकेट से मुकाबला जीत लिया।

बंगलादेश की ओर से सुल्ताना खातून और राबेया खान ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की टीम शुरु में लड़खड़ाई और एक के बाद एक विकेट गंवाती चली गई।

कप्तान निगार सुल्ताना ने टीम के लिये सर्वाधिक 16 रन बनाये। मारुफा अख्तर ने नाबाद 15 रन बनाये। शोरना अख्तर और सुल्ताना खातून 10-10 रन बनाकर आउट हुई। टीम के सात खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश की पूरी टीम 26.2ओवर में 89 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से किम गार्थ और एश्ली गार्डनर ने तीन-तीन विकेट लिये। सोफी मोलिन्यू और एलिस पेरी ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। बंगलादेश की महिला टीम तीनों एकदिवसीय मैचों में 100 रन का आंकड़ा भी नहीं छू पाई। तीनों एक दिवसीय मैचों में बंगलादेश का स्कोर 97, 95 और 89 रहा।

मैच में 11 रन देकर तीन विकेट लेने वाली किम गार्थ को शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया है। वहीं सीरीज में 52 रन देकर आठ विकेट लेने वाली एश्ली गार्डनर प्लेयर ऑफ द सीरीज रही।

## भारत-पाकिस्तान खेलने के इच्छुक हो तो ऑस्ट्रेलिया मेजबानी को तैयार है



सिडनी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है कि अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) एक-दूसरे के साथ खेलने के लिए सहमत हैं तो वह मेजबानी के लिए तैयार हैं।

सीए के मुख्य कार्यकारी निक हॉकली ने बुधवार को भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर फिर से अपनी यह इच्छा दोहराते हुए कहा, 2022 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर भारत-पाकिस्तान मैच का आयोजन इस मैदान के सबसे यादगार पलों में से एक था। अब कई लोग इस प्रतिस्पर्धा का फिर से गवाह बनना चाहते हैं। अगर ऐसा कोई अवसर आता है तो हम उस मौके को खुशी से स्वीकार करेंगे। अगर इसमें हमारी कोई भूमिका हो सकती है, तो हम उस भूमिका के लिए भी तैयार हैं। हम इस समर पाकिस्तान और भारत की मेजबानी के लिए उत्साहित हैं।

मंगलवार को सीए के शेड्यूलिंग हेड पीटर रोच ने कहा था कि अगर भारत- पाकिस्तान के क्रिकेट बोर्ड चाहें तो वह एक त्रिकोणीय सीरीज का भी आयोजन कर सकता है, जिसमें भारत-पाकिस्तान के अलावा तीसरी टीम मेज़बान ऑस्ट्रेलिया हो।

पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए नवंबर में ऑस्ट्रेलिया आयेगी। यह सीरीज समाप्त होने के चार दिन बाद ही 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है, जिसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम पहले ही ऑस्ट्रेलिया पहुंची होगी।

उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 2012-23 के बाद से कोई द्विपक्षीय नहीं हुई है और दोनों टीमों की केवल आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप में भिड़ंत हुई हैं। वर्ष 2022 टी-20 विश्वकप के दौरान मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड ने भारत-पाकिस्तान मैच का आयोजन किया था। इस मैच को देखने रिकॉर्ड 90 हजार 293 दर्शक पहुंचे थे।

## अल्कराज और मेदवेदेव मियामी ओपन के क्वार्टरफाइनल में

मियामी गार्डन। स्पेन के टेनिस खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कराज और गत विजेता रूस के डेनियल मेदवेदेव अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर मियामी ओपन के क्वार्टफाइनल में पहुंच गये है। मंगलवार को खेले गये मुकाबले में मेदवेदेव ने अपने करियर का 350वां मैच जर्मनी के डोमिनिक कोएफर को हराकर लगातार चौथे वर्ष मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मेदवेदेव ने डोमिनिक कोएफर को 7-6 (5), 6-0 से हराया। वहीं शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कराज ने 23वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी को हराया। अल्कराज ने 90 मिनट तक चले मुकाबले में मुसेटी पर 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की। मैच के बाद विंबलडन चैंपियन ने अल्कराज कहा, मुझे नहीं पता कि यह सबसे अच्छा खेल है जो मैं अच्छा खेल रहा हूं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है यह सबसे अच्छा एहसास है। उन्होंने कहा, मैं कोर्ट पर बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 47 रनों से हराया

वेलिंगटन। माया बूशेर की 56 गेंदों में 91 रनों की तूफानी पारी और शार्लेट डीन की 26 रन देकर चार विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 47 रनों से हरा दिया है।

आज यहां बेसिन रिजर्व में 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजबान न्यूजीलैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। इंग्लैंड की लॉरेन बेल ने सूजी बेट्स चार रन को आउट कर न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में शार्लेट डीन ने एमेलिया केर 21 रन पर आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। मैडी ग्रीन सात रन, बर्नडीन बिजुदिनाउट 23 रन, इसाबेला गेज 15 रन और हैन्ना रो छह रन बनाकर आउट हुई। ब्रूक हैलिडे ने टीम के लिए सर्वाधिक 25 रनों की पारी खेली। जेस केर 13 रन और रोजमेरी मेयर सात रन बनाकर नाबाद रही। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 130 रन ही बना सकी और मुकाबला




47 रनों से हार गई। इंग्लैंड की ओर से शार्लेट डीन ने चार विकेट लिये। लॉरेन बेल, डैनियल गिब्सन और सोफी एकल्सटन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले न्यूजीलैंड ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में डेनिएल वायट नौ रन का विकेट खो दिया। उसके बाद माया बूशेर और ऐलिस कैप्सी ने पारी संभाला। कैप्सी ने 32 गेंदों में 25 रन बनाये। वहीं बूशेर ने 56 गेंदों में 12 चौके और दो छक्कों की मदद से 91 रन की पारी खोली। नेट साइवर ब्रंट ने नाबाद 29 रन बनाये। कप्तान हेदर नाइट ने नाबाद 21 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 177 रनों का स्कोर खड़ा किया।

इंग्लैंड की ओर से रोजमेरी मेयर, फ्रैन जोनस और एमेलिया केर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# 27 लाख पाकिस्तानियों का पर्सनल डेटा चोरी

**नेशनल आईडेंटिटी कार्ड सेंटर की जांच में खुलासा, दुबई के जरिए अर्जेंटीना-रोमानिया में बेचा गया**

इस्लामाबाद/लाहौर। पाकिस्तान की नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी (नादरा) के सेंटर से 27 लाख नागरिकों का पर्सनल डेटा चोरी हो गया है। 'डॉन न्यूज' के मुताबिक- इस चोरी का खुलासा होम मिनिस्ट्री की जॉइंट इन्वेस्टिगेशन टीम ने किया है।

नादरा पाकिस्तानी नागरिकों के लिए आईडेंटिटी कार्ड जारी करती है। यह करीब-करीब वैसे ही होते हैं, जैसे भारत में आधार कार्ड होते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक- यह डेटा पहले दुबई भेजा गया। इसके बाद इसे अर्जेंटीना और रोमानिया भेज दिया गया। सरकार इस मामले पर चुप है।

### होम मिनिस्ट्री ने जांच कराई

'जियो न्यूज' ने इस मामले पर होम मिनिस्ट्री के अफसरों के हवाले से रिपोर्ट पब्लिश की है। इसी मंत्रालय ने मामला सामने आने के बाद जॉइंट इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई थी। इसमें फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी और होम मिनिस्ट्री के अफसर शामिल थे। इस




टीम को सैयद वकारउद्दीन लीड कर रहे थे।

रिपोर्ट के मुताबिक- डेटा चोरी का यह खेल 2019 में शुरू हुआ और 2023 के आखिर तक जारी रहा। इस दौरान करीब 27 लाख पाकिस्तानी नागरिकों का डेटा चोरी किया गया। यह काम नादरा के अफसरों की मिलीभगत के बिना मुमकिन नहीं था। रिपोर्ट में इस बात का शक भी जताया गया है कि नादरा अपने कुछ काम आउटसोर्स करती है, लिहाजा ये माना जा सकता है कि किसी दूसरी कंपनी ने यह डेटा बेचा हो।

टीम ने इस मामले पर तफ्सीली रिपोर्ट तैयार की है। इसका ज्यादातर हिस्सा सीक्रेट रखा गया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में कुछ अफसरों को एजेंसी पूछताछ के लिए बुला सकती है।

### तीन शहरों के लोग बने निशाना

जांच एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक- जिन लोगों का पर्सनल डेटा चोरी हुआ है, उनमें मुल्तान, कराची और पेशावर के लोग ही ज्यादा हैं। सवाल यह है कि अगर इतने बड़े पैमाने पर डेटा चोरी हो रहा था तो सीनियर अफसर क्या कर रहे थे। क्या किसी भी लेवल पर उन्हें ये भनक नहीं लगी कि इस डेटा का इस्तेमाल अपराध या आतंकवाद के लिए किया जा सकता है। रिपोर्ट में साफ किया गया है कि इस डेटा की मनी ट्रेल क्लीयर है। तीन शहरों से जो डेटा चोरी किया गया, वो सबसे पहले दुबई भेजा गया। इसके बाद इसे अर्जेंटीना और रोमानिया भेजा गया।

सूत्रों के मुताबिक- मार्च 2023 में सबसे पहले इस मामले की भनक लगी थी। इसके बाद होम मिनिस्ट्री ने मामले की जांच शुरू की। बाद में कुछ फैक्ट्स सामने आए तो इसके लिए जॉइंट इन्वेस्टिगेशन टीम बना दी गई।

जियो न्यूज के मुताबिक- जिन लोगों का डेटा लीक हुआ है, उनमें फौज और ढ्रस्द्ध के अफसर भी शामिल हैं। लिहाजा, यह मामला काफी संवेदनशील हो जाता है।

## पाकिस्तान में हुए आतंकवादी हमले की निंदा

बीजिंग। चीन ने पाकिस्तान में दासू जलविद्युत परियोजना के काफिले पर हुए हमले की निंदा की है और पाकिस्तान से इस घटना की जल्द से जल्द गहन जांच करने की मांग की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि चीन इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है और पाकिस्तान से इस घटना की जल्द से जल्द गहन जांच करने को कहता है। प्रवक्ता ने बताया कि 26 मार्च को स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब एक बजे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक चीनी कंपनी द्वारा शुरू किए गए दासू जलविद्युत परियोजना के काफिले पर आतंकवादी हमले में पांच चीनी और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई। उन्होंने कहा, चीन इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है। हम मृतकों के प्रति शोक व्यक्त करते हैं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। प्रवक्ता ने कहा, चीन ने पाकिस्तान से यथाशीघ्र घटना की गहन जांच करने, अपराधियों का पता लगाने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने को कहा है। प्रवक्ता ने कहा, इस बीच, हम नेंपाकिस्तान से चीनी नागरिकों, परियोजनाओं और पाकिस्तान में संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने के लिए कहा है। चीन पूरे प्रयास के साथ अनुवर्ती अभियान पर पाकिस्तान के साथ काम कर रहा है।

## इजरायल के हमले में सात पैरामेडिक्स की मौत

यरूशलम। लेबनान के दक्षिण हिस्से में एक आपातकालीन राहत केंद्र पर इजरायली हमले में कम से कम सात पैरामेडिक्स मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने शिन्हुआ को बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार इजरायली युद्धक विमानों ने अल-हब्बारियाह गांव में मुस्लिम समूह हिज्बुल्लाह से जुड़े इस्लामिक हेल्थ अथॉरिटी के आपातकालीन और राहत केंद्र को नष्ट कर दिया, जिसमें सात पैरामेडिक्स मारे गए और अन्य घायल हो गए। इस्लामिक ग्रुप एक इस्लामी राजनीतिक संगठन है, जिसकी सैन्य शाखा अल-फज्र फोर्सेज के नाम से है, जिसने हाल ही में इजरायली सेना के खिलाफ सैन्य अभियान चलाया है। इस्लामिक हेल्थ अथॉरिटी ने एक बयान जारी कर कहा कि उनके केंद्र पर हमला एक जघन्य अपराध और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। बयान में कहा, हम इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाली पार्टी को पूरी तरह से जिम्मेदार मानते हैं और हम लेबनानी अधिकारियों से अंतरराष्ट्रीय अदालतों में अपराधियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी आह्वान करते हैं। हिज़्बुल्लाह ने जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाते हुए कहा, यह आक्रामकता प्रतिक्रिया और सज़ा के बिना ख़त्म नहीं होगी।

## गमिस यूनिवर्स कॉन्टेस्ट में पहली बार सऊदी अरब

**27 साल की रूमी ने कई कॉन्टेस्ट जीते; स्विमसूट इवेंट इस कॉम्पटिशन में नहीं होता**

रियाद/मैक्सिको सिटी। इस साल के आखिर में मैक्सिको में होने वाले मिस यूनिवर्स कॉन्टेस्ट में सऊदी अरब पहली बार हिस्सा लेगा। 27 साल की मॉडल रूमी अलखतानी मुल्क की नुमाइंदगी करेंगी।

रूमी इससे पहले मिस सऊदी अरेबिया, मिस मिडिल ईस्ट, मिस अरब वर्ल्ड पीस और मिस वुमन (सऊदी अरब) जैसे ब्यूटी पीजेंट जीत चुकी हैं। मिस यूनिवर्सी में पार्टिसिपेशन का ऐलान रूमी ने सोशल मीडिया पोस्ट में किया।

'द न्यू अरब' न्यूज वेबसाइट के मुताबिक- मिस वर्ल्ड में स्विमिंग वियर इवेंट होता है, लेकिन मिस यूनिवर्स में यह इवेंट नहीं होता।

रूमी सऊदी अरब की राजधानी रियाद की रहने वाली हैं। वो मॉडल



होने के साथ-साथ सोशल मीडिया इन्फ्लूएंशर भी हैं। इंस्टाग्राम पर उनके दस लाख से ज्यादा फॉलोअर हैं। हाल ही में उन्होंने मिस एशियन कॉम्पटिशन जीता था। यह इवेंट मलेशिया में हुआ था।

'एमीरेट्स वुमन' मैगजीन की रिपोर्ट के मुताबिक- रूमी ने सोशल मीडिया पर मिस यूनिवर्स में हिस्सेदारी की बात खुद जाहिर की। इसके साथ ही उन्होंने अपना लेटेस्ट फोटोग्राफ भी शेयर किया। उनके करीब सऊदी अरब का नेशनल फ्लैग भी नजर आ रहा था।

कैप्शन में रूमी ने लिखा- मेरे लिए यह फख्र की बात है कि मैं मिस यूनिवर्सी 2024 में हिस्सा लेने जा रही हूं। मिस यूनिवर्स कॉम्पटिशन में पार्टिसिपेट करने वाली पहली सऊदी महिला बनना खुशी की बात है।

### हजारों लोगों ने पोस्ट लाइक किया

रूमी ने यह पोस्ट सोमवार रात किया था। इसे हजारों लोगों ने लाइक किया। एक यूजर ने लिखा- हमें आप की इस कामयाबी पर गर्व है। एक और यूजर ने लिखा- आपको बधाई और शुभकामनाएं। एक यूजर ने लिखा- आप सऊदी अरब की सबसे खूबसूरत लड़की हैं।

## हाइड्रोलिक सिस्टम अलार्म के बाद रूसी विमान की यूराल पर्वत में आपात लैंडिंग

मॉस्को। दक्षिणी उज्बेकिस्तान से रूस की राजधानी मॉस्को जा रहे रूस की यूराल एयरलाइंस के एक विमान को हाइड्रोलिक सिस्टम खराब होने के कारण बुधवार को यूराल पर्वत के पास येकातेरिनबर्ग शहर में आपात लैंडिंग करनी पड़ी। एयरलाइंस की ओर से जारी बयान में कहा गया, उज्बेकिस्तान के कार्शी से रूस के मॉस्को मार्ग पर उड़ान संख्या यू6-2128 के हाइड्रोलिक सिस्टम में से एक के खराब होने से संबंधित सेंसर चालू हो गया था। सुरक्षित उड़ान सुनिश्चित करने के लिए विमान कमांडर ने कोल्टसोवो में एक वैकल्पिक हवाई क्षेत्र में उतरने का फैसला किया।

## पुल ढहने से छह लोगों की मौत की पुष्टि



वाशिंगटन। अमेरिका के बाल्टीमोर में एक पुल ढहने के बाद से लापता छह निर्माण श्रमिकों को अब मृत मान लिया गया है और अमेरिकी तटरक्षक बल ने तलाश एवं बचाव अभियान को निलंबित कर दिया है। ठंडे पानी के तापमान और कठोर समुद्री परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए रियर एडमिरल शैनन गिलरेथ ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि यह संभावना है कि लापता व्यक्ति मर गए होंगे। उल्लेखनीय है कि 2.6 किलोमीटर लंबा फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से स्थानीय समय के अनुसार मंगलवार तड़के लगभग 1: 30 बजे सिंगापुर के ध्वज वाले बड़े कंटेनर जहाज टकरा गयी थी। जो छह व्यक्ति लापता हो गए, वे सभी सड़क रखरखाव करने वाले कर्मचारी थे और कथित तौर पर पुल ढहने के समय वे गड्ढों की मरम्मत कर रहे थे। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, दो अन्य लोगों को पहले पटाप्सको नदी से बचाया गया था, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार कहा कि वह चाहते हैं कि संघीय सरकार पुल के पुनर्निर्माण के लिए भुगतान करे। पुल को 1977 में यातायात के लिए खोल दिया गया था और हर साल लगभग 115 लाख वाहन इसे पार करते थे।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

दीपेन्द्र हुड्डा के मुकाबले चुनाव लड़ने पर बोले सांसद अरविंद शर्मा

# घमंड नहीं, लेकिन मजबूती से लडूंगा चुनाव, फैसला जनता के हाथ

ललित गोठवाल



झज्जर,हरियाणा। रोहतक लोस से भाजपा प्रत्याशी और सांसद डा.अरविंद शर्मा ने इसी सीट पर राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र हुड्डा के मुकाबले चुनाव लड़ने पर अपनी बेबाक टिप्पणी दी है। उन्होंने कहा है कि उन्हें घमंड कतई नहीं है,लेकिन वह चुनाव मजबूती के साथ लड़ने वाले है और फैसला रोहतक संसदीय सीट की जनता के हाथ में है। डा.शर्मा आज अपने चुनाव प्रचार का गति देने के लिए पहली बार मैदान में उतरे थे। यहां झज्जर में डोर-टू डोर प्रचार अभियान के दौरान मीडिया से मुखातिब हुए अरविंद शर्मा ने कांग्रेस नेत्री सुप्रीया श्रीनेत द्वारा हिमाचल की मंडी सीट से प्रत्याशी कंगला रनौत के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी की भी निंदा की। उन्होंने कहा कि हांलाकि श्रीनेत ने इस मामले में अफसोस जाहिर कर लिया है। लेकिन पूरा देश इस बात की निंदा कर रहा है। इस दौरान उन्होंने केन्द्र की मोदी सरकार के समर्थन में जमकर कसीदे पढ़ते हुए कहा कि मोदी सरकार में महिला,बुजुर्ग,सैनिक,गरीब,किसान सहित हर वर्ग को सम्मान मिला है। मोदी के काम की वजह से ही भाजपा मौजूदा लोस चुनाव में 400 का आंकडा पार करने वाली है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ईडी अपने हिसाब से काम करती है और अब मामला अदालत के विचाराधीन है। ऐसे में इस पर कोई भी टिप्पणी करना न्यायसंगत नही है। उन्होंने चुनाव में चार सौ सीट और हरियाणा में भाजपा द्वारा दस की दस सीटें जीतने का दावा भी किया।

# इंडिया मार्का हैंडपम्प खराब लोग पानी को रहे तरस



सीतापुर। एक तरफ सरकार शुद्ध एवं स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने के हर घर नल हर घर जल जैसी तमाम नित नई योजनाएं ला रही है वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण स्तर के जिम्मेदारों की लापरवाही से गांव में लगे इण्डिया मार्का हैंडपंप शोपीस नजर आ रहे हैं जिस कारण गांव में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है।

जानकारी के अनुसार जिले की तहसील लहरपुर के विकास खण्ड बेहटा ब्लाक की ग्राम पंचायत बुढ़नापुर के मजरा खाले पुरवा निवासी *जसवंत कुमार पुत्र त्रिभुवन लाल*के घर के पास लगा इंडिया मार्का लगा हैंडपम्प जो काफी दिनो से खराब पड़ा है जिससे पास में निवास कर रहे टीका राम लालता प्रसाद बसंत कुमार छोटे लाल जैसे अनेक कई घरों के लोगों को पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। आपको बताते चलें जहां पर सरकार द्वारा गांव गांव पानी के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है वहीं पर खाले पुरवा में लगे इण्डिया मार्का हैंडपम्प खराब पड़ा है जिसको कोई देखने वाला नहीं है अब मौसम भी गर्मी का है ऐसे मौसम में हर किसी को पानी के लिए परेशानी होगी। ग्रामीणों ने तत्काल समय रहते ग्राम पंचायत में खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराए जाने की मांग की है ताकि आने वाले समय में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से निजात मिल सके।

## शार्ट न्यूज

### चर्चा में बना शेरपुर का रंजीत मोबाइल सेंटर, चोरी का मोबाइल हुआ बरामद




**गाजीपुर।** भांवरकोल थाना क्षेत्र के शेरपुर खुर्द चट्टी पर रंजीत मोबाइल सेंटर इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दे कि विगत दिनों एक पत्रकार की मोबाइल उसके घर से गायब हो गई थी जिसकी सूचना पत्रकार द्वारा संबंधित थाने को दी गई थी। इसी क्रम में पुलिस मोबाइल की खोज में लगी थी। जरिए सर्विलांस पता चला कि चोरी की मोबाइल शेरपुर खुर्द निवासी शमसुद्दीन का पुत्र समीम चल रहा है। पुलिस ने जब शमीम से इस मोबाइल के बारे में जानकारी ली तो शमीम ने बताया कि यह मोबाइल मैंने सात हजार में रंजीत मोबाइल सेंटर से खरीदा है। यह सेंटर जो रंजीत शर्मा चलता है। सूत्रों की माने तो रंजीत शर्मा इस काम में लंबे समय से लगा हुआ है। वह मोबाइलों का पासवर्ड बदलना और उनके मोबाइल डेटा का डिलीट करने का भी काम करता है। शेरपुर कलां स्थित चौकी के कुछ सिपाहियों से भी उसकी अच्छी साठ गांठ भी है। इसी बात से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि जब मुहम्मदाबाद थाने की पुलिस ने गुमशुदा मोबाइल को मुहम्मदाबाद थाने जमा करने की बात कही तो रंजीत मुहम्मदाबाद जाने की बजाय समीम को लेकर शेरपुर पुलिस चौकी निकल गया।

### घरेलू कलह के चलते संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत, हत्या की आशंका

कर्नलगंज,गोण्डा। कोतवाली क्षेत्र के चचरी चौकी अन्तर्गत एक गाँव में मंगलवार को घरेलू कलह के चलते संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुट गई। सूत्रों के मुताबिक युवती की हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत चचरी चौकी के ग्राम पाल्हापुर की है। जहां करीब 18 वर्षीय रजनी पुत्री शंकर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की माँ ने बताया कि घटना के समय वह घर पर नहीं थी और गाँव के ही एक व्यक्ति के खेत में मजदूरी करने गई थी। सूत्रों की मानें तो मृतका के भाई और भाभी के बीच फोन पर किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद वारदात हुई है। जबकि घटना चचरी चौकी से चंद कदमों की दूरी पर घटित हुई है। इससे लोगों में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं और गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यही नहीं चौकी पुलिस ने मृतका के भाई को चौकी पर बैठा रखा है और पुलिस मामले को दबाने में जुटी है। फिलहाल घटना हत्या है या आत्महत्या यह तो निष्पक्ष जांच और गहन छानबीन के बाद ही पता चल सकेगा। चौकी प्रभारी चचरी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मृतका के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का त्यौहार

रमेश शर्मा। गौरवशाली भारत



बलरामपुर। सादुल्ला नगर में सोमवार को प्रेम सद्भाव भाईचारे का प्रतीक रंगों का त्यौहार होली की धूम रही है। सोमवार की सुबह प्रारंभ हुए रंगों का खेल दोपहर बाद समापन हुआ। रंगों का त्यौहार नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में परम्परागत शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। सादुल्ला नगर कस्बे के हनुमानगढ़ी मन्दिर पर बच्चे बूढ़े नौजवानों ने मौज मस्ती भरी रंगों की कपड़ा फाड़ होली खेली। हनुमानगढ़ी मंदिर पर एकत्र हुए नौजवानों ने फगुआ गीत से होली खेलना प्रारम्भ किया। कस्बे की गांव गलियों से होकर रंग उमंग हुड़दंग करते, डीजे की धुन पर नाचते गाते फगुआ गीतों के मस्ती में झूमते हुए नौजवानों की टोली निकली। कस्बे के चौक चौराहे व धार्मिक स्थलों पर भारी भरकम पुलिस बल मुस्तैद रहा है। इस दौरान थानाध्यक्ष बृजानंद सिंह समेत पुलिस फोर्स क्षेत्र में भ्रमणशील रहे है। गौराचौकी मनकापुर मार्ग समेत विलंटगंज, मुबारक मोड़, एकता चौक, गुमा तिराहा से होकर श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर तिराहा पहुंचा। जहाँ पर लोगों ने जमकर होली खेली। और एक दूजे को रंग अबीर गुलाल लगाया, गले मिले और होली पर्व की बधाई दी।

### खेत में कटी रखी गेहूं की फसल जलकर खाक, आग लगाने का आरोप

ललितपुर। डोगरा कलां कटाई के बाद खेत में पड़ी फसल को आग लगा देने का आरोप लगाते हुये किसान ने कार्यवाही की गुहार लगाते हुये चौकी इंचार्ज डोंगराकलां थाना नाराहट पुलिस को शिकायती पत्र भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायती पत्र में डोंगराकलां निवासी रविन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह ने बताया कि उसके खेत में गेंहू की फसल कटी हुयी पड़ी थी। आरोप है कि बुधवार को सुबह करीब 11.15 बजे गांव के महेश पुत्र डरूलाल अहिरवार ने उसकी कटी पड़ी गेंहू की फसल को आग के हवाले कर दिया, जिससे उसकी करीब एक एकड़ की फसल पूरी तरह जलकर खाक हो गयी। पीड़ित ने बताया कि मामले की जानकारी होने पर जब वह खेत पर पहुंचा तो उक्त व्यक्ति द्वारा उसके साथ गाली-गलौज करते हुये भगाने का प्रयास किया गया। तदोपरान्त आसपास के लोगों ने एकत्र होकर आग बुझाने का प्रयास किया। मौके पर धर्मेंद्र सिंह, अरविन्द पुत्रगण राजेन्द्र सिंह एवं जगभान पुत्र मुन्ना राजपूत व घनश्याम पुत्र जुगल आदि ने पहुंच कर आग बुझाने का प्रयास किया। पीड़ित ने पुलिस से उक्त युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना कार्यवाही किये जाने एवं आग से जलकर नष्ट हुयी फसल का मुआवजा दिलाये जाने की गुहार लगायी है।

### एसडीएम,सीओ ने कस्बा गिरार क्षेत्र में किया पैदल मार्च



ललितपुर। गिरार क्षेत्र के समस्त क्रिटिकल/संवेदनशील पोलिंग बूथों पर फ्लैग मार्च कर जनता को कराया सुरक्षा का अहसास। मिश्रित आबादी/संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च कर लोगों से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने हेतु किया गया जागरूक एसडीएम मड़ावरा, क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा अर्द्धसैनिक बल के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ मतदाताओं में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए थाना गिरार क्षेत्रान्तर्गत क्रिटिकल/संवेदनशील पोलिंग बूथों व मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च /एरिया डोमिनेशन किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान मतदान केंद्र एवं क्षेत्र का भ्रमण करते हुए महोदय द्वारा आम जनता से संवाद कर चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, पुलिस तथा प्रशासन का सहयोग करने एवं भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की गई। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा अचार संहिता का उल्लंघन किया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल चुनाव हेल्प लाइन नम्बर 7839697416 / डायल 112 / सम्बन्धित थाना / चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें ललितपुर पुलिस द्वारा आपकी हर सम्भव मदद की जायेगी। फ्लैग मार्च के दौरान केन्द्रीय सशस्त्र के कम्पनी कमाण्डर संजीव झा मय फोर्स के, थाानाध्यक्ष गिरार महेन्द्र सिंह, व पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

## गोरखपुर में हुआ रवि किशन की फ़िल्म महादेव का गोरखपुर का प्रीमियर, 29 मार्च को होगी रिलीज .!



मेगा स्टार रवि किशन की बहुप्रतीक्षित भोजपुरी फ़िल्म महादेव का गोरखपुर का प्रीमियर शो 27 मार्च को गोरखपुर में किया गया। यह फ़िल्म आगामी 29 मार्च को रीलीजिंग के लिए भी शेड्यूल है। फ़िल्म में रवि किशन दो अलग अलग महादेव के भक्त के रूप में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। मेगास्टार रवि किशन अभिनीत यह फ़िल्म देश विदेश में बड़े पैमाने पर सिनेपॉलिस द्वारा रिलीज की जा रही है। गोरखपुर में हुए फ़िल्म महादेव का गोरखपुर के प्रीमियर शो में फ़िल्म के निर्माता निर्देशक और रवि किशन खुद भी उपस्थित थे। प्रीमियर के बाद रवि किशन ने बताया कि हमने अपने क्षेत्र में इस फ़िल्म का प्रीमियर करना इसलिए भी जरूरी समझा क्योंकि इस फ़िल्म की मूल आत्मा हमारे क्षेत्र गोरखपुर से ही सम्बन्धित है। हमारी फ़िल्म के टाइटल में भी गोरखपुर है, और सबसे बड़ी बात की फ़िल्म खुद ही गोरखपुर पर आधारित है। हमने एक बेहद जबरदस्त शिवभक्त के ऊपर फ़िल्म का निर्माण किया है और अब सबकुछ महादेव के भरोसे दर्शकों के ऊपर छोड़ते हैं। महादेव के गण ही अब इस फ़िल्म की नैय्या को पार लगाएंगे। हमने अपने हिस्से का कर्त्तव्य कर लिया है और अब दर्शकों के हाथ मे बागडोर थमा दिया है। फ़िल्म महादेव का गोरखपुर आगामी 29 मार्च से देश विदेश में हिंदी और भोजपुरी में रिलीज की जा रही है। जबकि तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में फ़िल्म अगले हफ्ते से रिलीज की जाएगी।

# ज़िला परियोजना क्रियान्वन यूनिट तथा सक्षम की मासिक मीटिंग का आयोजन किया गया

ललित गोठवाल



निपुण भारत मिशन के तहत चलाये जाने वाले कार्यक्रम बुनियादी साक्षरता तथा संख्या ज्ञान की ज़िला परियोजना क्रियान्वन यूनिट तथा सक्षम की मासिक मीटिंग का संयुक्त रूप से आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झज्जर में किया गया। मीटिंग का शुभारंभ ज़िला एफएलएन संयोजक डॉ सुदर्शन पुनिया जी ने ज़िले में चौथी से आठवीं कक्षाओं में मेंटर्स द्वारा की गई विज़िट संबंधी आँकड़े दिखाकर किया। इसके बाद उन्होंने निपुण स्कोर कार्ड पर ज़िले के प्रदर्शन संबंधी आँकड़े प्रस्तुत किए। उन्होंने स्कोर कार्ड के विभिन्न मानकों जैसे सभी मेंटर्स की विद्यालयों में विज़िट, हिन्दी तथा गणित की शिक्षक संदर्शिका के चरणों का प्रयोग, बच्चों के साथ निदानात्मक कार्य आदि पर चर्चा की गई। विभाग द्वारा विद्यालयों की निपुण कक्षाओं की प्रगति देखने के लिए जारी किए गए निपुण डैशबोर्ड के सतत प्रयोग का आह्वान करते हुए उन्होंने सभी खंड स्तरीय अधिकारियों को दर्शाए गए डाटा का विश्लेषण करने की बात की। एंडलाइन सर्वे की जानकारी देते हुए बताया गया कि शिक्षक बच्चों को टैब पर आकलन करके दिखाएं ताकि बच्चे इसके अभ्यस्त हो सकें। मातनहेल खंड से बी आर पी मोनिका एवम् खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती विजय बाला जी ,खंड बहादुरगढ़ से खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी साहरण, खंड बेरी से खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कादयान , खंड सालावास से खंड शिक्षा अधिकारी श्री रतेंद्र जी द्वारा अपने अपने खंड में नए सत्र में बच्चों के नामांकन बढ़ाने के लिए किए गए सराहनीय प्रयास सांझा किए गए। ज़िला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज ने सभी मेंटर्स से आह्वान किया कि मैंटर जब कक्षा अवलोकन के लिए जाएँ तो बिल्कुल निष्पक्ष और सही रिपोर्टिंग निपुण मैंटर एप्प में भरें ताकि आवश्यक सुधारों के लिये रणनीति बनाई जा सके तथा संबंधित तथा अध्यापकों से निपुण लक्ष्यों के बारे में चर्चा अवश्य करें। डाइट प्राचार्य श्री बी पी राणा जी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को उनके द्वारा किए गए अच्छे प्रयासों के लिए बधाई देते हुए सभी को और अधिक अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। मीटिंग में स्कूल शिक्षा विभाग पंचकुला से एसपीआईयू सदस्य अनन्या कपूर, संपर्क से अमित, डाइट से सुनील कुमार सभी खंड शिक्षा अधिकारी तथा खंड परियोजना समन्वयक भी उपस्थित थे।

# शिकायतकर्ता विवेक बिंद्रा के मामले में कोर्ट आदेश के लपेटे में आ गए संदीप माहेश्वरी, अब होगी कार्रवाई



**फरीदाबाद।** दो दिग्गज की लड़ाई ने अब एक और नया मोड़ ले लिया है जिसमे मोटिवेशनल स्पीकर संदीप माहेश्वरी मुस्किले साफ़ बढ़ती दिखाई दे रही है।

संदीप माहेश्वरी के खिलाफ कोर्ट ने आपराधिक मानहानि के मामले में समन जारी कर दिया है जिसके बाद अब उनकी मुसीबतें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। डिस्ट्रिक कोर्ट फरीदाबाद ने संदीप माहेश्वरी और फेमस मोटिवेशनल स्पीकर डॉ विवेक बिंद्रा के बीच हुए विवाद वाले मामले में सुनवाई करते हुए विवेक बिंद्रा के पक्ष को सुनकर संदीप माहेश्वरी के खिलाफ प्रथम दृष्टया आपराधिक मानहानि का मामला बनने की बात कही है। भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500, तहत संदीप माहेश्वरी के खिलाफ आपराधिक मानहानि के मामले में समन जारी कर दिया है. कोर्ट का यह आदेश आते ही सभी बड़े मीडिया घरानों में यह न्यूज़ वायरल हो रही है कि जल्द ही मोटिवेशनल स्पीकर संदीप महेश्वरी को जेल तक जाना पड़ सकता है, ऐसे में कोर्ट द्वारा जारी इस आदेश के बाद संदीप माहेश्वरी परेशान होते दिखाई दे रहे है। बीते साल 2023 की तारीख 11 दिसंबर 2023 को संदीप माहेश्वरी ने डॉ विवेक बिंद्रा के खिलाफ़ यूट्यूब पर एक वीडियो पोस्ट करके उन पर स्कैम और फ्रॉड करने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। जिसके बाद ये बात सिर्फ यहीं पर नहीं रुकी बल्कि संदीप माहेश्वरी ने 20 दिसंबर को फिर से एक और वीडियो बनाकर एवं क्रमशः 12, 13, 15, 16, 18 एवं 31 दिसंबर 2023 को ये डॉ बिंद्रा के खिलाफ स्कैम व फ्रॉड करने जैसे संगीन आरोप लगाए। इतना ही नहीं डॉ विवेक बिंद्रा के खिलाफ उन्होंने लगातार कई यूट्यूब कम्युनिटी पोस्ट भी किए थे। इस पूरे मामले को लेकर विवेक बिंद्रा के वकील आदित्य वर्धन शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस के जरिए बताया कि हम इस पूरे मामले में कोई भी ढिलाई बरतने के मूड में नहीं हैं।

## एसपी ने किया थाना कोतवाली का औचक निरीक्षण

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना कोतवाली ललितपुर का औचक निरीक्षण किया। एसपी द्वारा थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोतवाली परिसर, कार्यालय,सीसीटीवी कैमरे , महिला हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्पूर्ण कोतवाली परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एवं कार्यालय व थाना परिसर को स्वच्छ रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित किया गया कि थाना क्षेत्र के समस्त शस्त्र लाइसेन्स धारकों के शत प्रतिशत शस्त्रों को जमा कराने की कार्यवाही करें तथा थाना क्षेत्र के वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी , हिस्ट्रीशीटरों की निरन्तर निगरानी, बॉर्डर चैकिंग , जिला बदर आदि की चैकिंग करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए बल्नरेवल, क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण करने हेतु व म0प्र0 बोर्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्धों की चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पैदल गस्त, फ्लैग मार्च, रात्रि गस्त कर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। लोकसभा चुनावों को प्रभावित करने वालो कारकों के विरूद्ध गुण्डा, गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीट खोलना, 110 जी की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। लोकसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए अधिक से अधिक संख्या में निरोधात्मक कार्यवाही करने तथा वांछित /वारण्टियो को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित किया गया कि कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत जनता को आदर्श आचार संहिता का पालन व भयमुक्त मतदान हेतु जागरूक किया जाये।

# भाजपा से नहीं, जनता को है गठबंधन से उम्मीद : अखिलेश

एजेंसी

देवरिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और देवरिया सदर लोकसभा सीट से इंडिया समूह से प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) जिसको चाहे अपना उम्मीदवार बनाये, लेकिन यहां की जनता को उम्मीद गठबंधन प्रत्याशी से है।

सिंह ने बुधवार को कहा भाजपा ने देश और प्रदेश की सत्ता में रहने के बावजूद देवरिया के लिए कुछ नहीं दिया। जब भाजपा ने दस वर्षों में यहां कुछ नहीं दिया तो वह आगे क्या देगी। इनसे अब अपेक्षा नहीं की जा सकती। अब भाजपा का जाने का समय है। सत्ता अब इनके हाथ से 70 साल के लिए दूर होने वाली है। अब वे क्या देंगे, अब वे अपना ठिकाना ढूंढे।

उन्होंने कहा कि गठबंधन के खाते से देवरिया सीट कांग्रेस के खाते में आने से लोगों में बहुत उत्साह है। पिछले दस वर्षों में भाजपा ने देवरिया से बहुत कुछ लिया है। देवरिया की जनता ने सांसद, विधायक, जिला पंचायत और नगर पालिका अध्यक्ष को चुन कर दिया है और यहां भाजपा की डबल इंजन की सरकार नहीं बल्कि चार इंजन की सरकार कार्य कर रही हो लेकिन भाजपा ने रिर्टन में देवरिया को कुछ नहीं दिया।

सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने यहां की जनता को कुछ नहीं दिया सिर्फ झूठे सब्जबाग और असत्य बाते।

2018 में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने देवरिया में 6 साल पूर्व एक रिंग रोड का शिलान्यास किया था। लेकिन आज तक यहां के रिंग रोड का कहीं पता नहीं है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने विपक्ष में रहने के बावजूद देवरिया में मेडिकल कालेज और ट्रामा सेंटर बनवाने के लिए काम किया।

गोरखपुर से देवरिया तक फोरलेन की सड़क बनवाने सक्रिय भूमिका निभाई थी। जिस कारण जनता की उम्मीद भाजपा से टूट चुकी है तथा जनता गठबंधन से उम्मीद लगाई हुई है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार व मोटर साइकिल के बीच हुई भिड़ंत

सीतापुर। जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत लखीमपुर सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर झरेखापुर के पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने बुधवार को सुबह सीतापुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार इंडिगो कार ने आगे चल रही एक मोटरसाइकिल में टक्कर मारते हुए पास की खाईं जा गिरी। सड़क पर हुए भीषण हादसे में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। घायल बाइक सवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल सीतापुर रिफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लखीमपुर सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पेट्रोल पंप झरेखापुर के पास सीतापुर जा रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित टैक्सी इंडिगो कार यूपी 32 ई एन 5933 ने आगे जा रही प्लेटिना मोटरसाइकिल सवार को पीछे जोरदार ठोकर मारते हुए पास की खाई में जा गिरी। बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी प्रकार की कोई जनहानि होने की सूचना नहीं है।

# शाहजहांपुर में लड्डू गोपाल का इलाज कराने अस्पताल पहुंचा भक्त



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के खुटार क्षेत्र में सरकारी डॉक्टर उसे वक्त सकते में पड़ गए जब एक युवक सरकारी एंबुलेंस से भगवान गिरधर गोपाल की मूर्ति को लेकर अस्पाल पहुंच गया। सुजानपुर गांव निवासी रिंकू नामक युवक ने डॉक्टर को भगवान लड्डू गोपाल को चोट लगने की बात कही और उनका इलाज करने के लिए रोता रहा। लोगों की भीड़ बढ़ने और युवक की भगवान लड्डू गोपाल के प्रति आस्था देखकर डॉक्टर ने बाकायदा भगवान लड्डू गोपाल को भर्ती किया और उनका इलाज किया। इसके बाद युवक भगवान लड्डू गोपाल को लेकर घर वापस लौट गया। भगवान लड्डू गोपाल का सरकारी अस्पताल में इलाज पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अंकित वर्मा ने बुधवार को यूनीवार्ता को बताया कि रिंकू की भगवान लड्डू गोपाल में अटूट आस्था है। रिंकू रोज की तरह भगवान लड्डू गोपाल को स्नान करवा रहा था। इसी दौरान उसके हाथ से भगवान लड्डू गोपाल की मूर्ति अचानक छूटकर जमीन पर गिर गई। भगवान लड्डू गोपाल को चोट लगने की बात कह कर उसने रोना शुरू कर दिया। इसके बाद उसने 108 नंबर पर फोन लगाकर एंबुलेंस बुलवा ली। एंबुलेंस पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी यह देखकर हैरान रह गए की घायल होने वाला कोई व्यक्ति नहीं बल्कि भगवान लड्डू गोपाल की मूर्ति है। हालांकि स्वास्थ्य कर्मियों ने मूर्ति का चेकअप किया और ठीक होने की बात कही लेकिन इसके बावजूद रिंकू एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। जहां पहुंचकर उसने जोर-जोर से रोना शुरू कर दिया। और भगवान लड्डू गोपाल का इलाज करने की गुहार लगाता रहा। रिंकू की भगवान लड्डू गोपाल के प्रति भक्ति देखकर डॉक्टर ने बाकायदा लड्डू गोपाल को अस्पताल में भर्ती किया और उनका प्रतीकात्मक इलाज किया। इस दौरान अस्पताल के बाहर तमाम भक्तों की भीड़ लग गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने लड्डू गोपाल को ठीक-ठाक बताकर वापस उसकी मां के साथ उसे घर भेज दिया। भगवान लड्डू गोपाल के प्रति अटूट आस्था और भगवान का सरकारी इलाज जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

CMYK CMYK CMYK CMYK